आचार्यमम्मटैः अनुप्रासस्य द्वौ भेदौ वर्णानुप्रासः पदानुप्रासश्च तत्र वर्णानुप्रासे द्वौ भेदौ छेकगता वृत्तिगता च । पदानुप्रासस्य लटानुप्रासनामा भेदः। लाटानुप्रासस्तावत् एकपदानुवृत्तौ एकाधिकपदानुवृत्तौ तथा च एकसमासे भिन्नसमासे समासेऽसमासे वापि आवृत्तिः प्रतीयते उपर्युक्तादिषु लाटानुप्रासेति। पदानां सः, पदस्यापि, वृत्तावन्यत्र तत्र वा। नाम्नः स वृत्त्यवृत्तयोश्च एकस्मिन् समासे भिन्ने वा समासे सामासासमासयोर्वा नाम्नः प्रातिपदिकस्य न तु पदस्य सारूपप्यम् ।[40] अत्र धातुभिन्न प्रत्ययभिन्नप्रत्ययान्तभिन्नर्थवच्छब्दस्वरूपस्यैव सारूप्यं सादृश्यमपेक्षते।

## पाणिनिप्रयुक्तानि लाटानुप्रासगुम्फितान्युदाहरणानि

तिङ्स्त्रीणित्रीणिप्रथममध्यमोत्तमाः[41], तपस्तपः कर्मकस्यैव[42], हेतुहेतुमतोलिङ्[43]। प्रथमसूत्रे त्रीणि इत्यस्य आवृत्तिः तात्पर्यभेदश्च, द्वितीयसूत्रे तप इत्यस्य आवृत्तिः तात्पर्यभेदश्च एवमेव उदाहृतेषु अन्वेषणीयम् । महर्षिपाणिनिः न केवलं वैयाकरणः अपितु आलङ्कारिकोऽपि । रचितं काव्यं पातालविजयमिति तथा च अलङ्कारस्य प्रयोगः अष्टध्याय्याः बहुषु सूत्रेषु वरीवृत्यते किन्तु मयका कानिचित् सूत्राणि उदाहरणाय प्रदत्तानीतीति शम् ।

### सन्दर्भाः

1. काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासः
2. काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासः
3. 1 1 26 पाणिनि-अष्टाध्यायी
4. 1 1 27 पाणिनि-अष्टाध्यायी
5. 1 2 49 पाणिनि-अष्टाध्यायी
6. 1 4 70 पाणिनि-अष्टाध्यायी
7. 1 3 16 पाणिनि-अष्टाध्यायी
8. 1 4 52 पाणिनि-अष्टाध्यायी
9. 1 4 63 पाणिनि-अष्टाध्यायी
10. 1 4 102 पाणिनि-अष्टाध्यायी
11. 1 4 106 पाणिनि-अष्टाध्यायी
12. 2 1 12 पाणिनि-अष्टाध्यायी
13. 2 1 24 पाणिनि-अष्टाध्यायी
14. 2 1 57 पाणिनि-अष्टाध्यायी
15. 3 1 58 पाणिनि-अष्टाध्यायी
16. 3 1 82 पाणिनि-अष्टाध्यायी
17. 3 4 9 पाणिनि-अष्टाध्यायी
18. 6 4 71 पाणिनि-अष्टाध्यायी
19. 1 2 69 पाणिनि-अष्टाध्यायी
20. 1 4 71 पाणिनि-अष्टाध्यायी
21. 1 4 22 पाणिनि-अष्टाध्यायी
22. 2 4 92 पाणिनि-अष्टाध्यायी
23. 2 1 69 पाणिनि-अष्टाध्यायी

24. 2 3 11 पाणिनि-अष्टाध्यायी
25. 4 3 100 पाणिनि-अष्टाध्यायी
26. 4 4 37 पाणिनि-अष्टाध्यायी
27. 5 1 72 पाणिनि-अष्टाध्यायी
28. 5 2 93 पाणिनि-अष्टाध्यायी
29. 7 3 31 पाणिनि-अष्टाध्यायी
30. 8 1 28 पाणिनि-अष्टाध्यायी
31. 5 4 77 पाणिनि-अष्टाध्यायी
32. काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासः
33. काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासः
34. 1 4 13 पाणिनि-अष्टाध्यायी
35. 8 2 8 पाणिनि-अष्टाध्यायी
36. 1 1 62 पाणिनि-अष्टाध्यायी
37. 6 1 63 पाणिनि-अष्टाध्यायी
38. 4 2 80 पाणिनि-अष्टाध्यायी
39. काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासः
40. काव्यप्रकाशस्य नवमोल्लासः
41. 1 4 101 पाणिनि-अष्टाध्यायी
42. 3 1 88 पाणिनि-अष्टाध्यायी
43. 3 3 156 पाणिनि-अष्टाध्यायी

# व्यक्तिविवेककारस्य अलङ्कारशास्त्रीयं योगदानम्

***डॉ. दिनेशचन्द्रपाण्डेयः****

भावाभिव्यक्तेरप्रतिमा भाषास्वरूपापद्धतिः सृष्टिकालादारभ्यैव प्रवर्तते। भाषा यथा - यथा विस्तृतिमातनुते तथा - तथा भाषायाः सौन्दर्यबुद्ध्या मुल्याङ्कनमप्यारब्धम्। मनोभावाननुशीलयन्ती भाषा गद्य - पद्यात्मकं कलेवरं सन्धारयन्ती सहृदयहृदयोद्वेजकत्वात् सहृदयहृयाल्लादकत्वाच्च दोषगुणालङ्कार-रसादिरूपकाव्यतत्त्वैः परीक्षणनिकषोपलमधिरोहति। एतान्येव परीक्षमाणानि काव्यतत्त्वानि गौरवं प्रयच्छन्ति सहृदयानाम् । अस्यामेव परम्परायाम् एतदेव भाषासौन्दर्यसंवर्धनाय भाषाकलेवरं सन्नियमनाय वा काव्यशास्त्रं प्रादुर्भूतम् । यद्यपि काव्यशास्त्रमेतत् कदा प्रादुरभूदिति निश्चप्रचमभिधातुं न सुकरं तथापि प्राचीनकालादारभ्यैव भाषासौन्दर्यसम्बन्धिनो विचाराः काव्यपदवीमधिरूढा इति युक्तमेवाभिधातुम् अस्य प्राचीनत्वमुदघोषयता भरतमुनिनाप्यभाणि -

**नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुदाहृतम् ।**
**श्रूयतां नाट्यवेदस्य सम्भवो ब्रह्मनिर्मितः॥**
**तस्मात्सृजापरं वेद पञ्चमं सार्ववर्णिकम् ।**
**नाट्याख्यं पञ्चमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम् ॥**

* सहायकप्राध्यापकः (अं.) केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः, देवप्रयागः, पौडी-गढवालः, उत्तराखण्डम् -२४९३०१

**नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्गसम्भवम् ।**
**यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।**
**उत्पाद्य नाट्यवेदं तु ब्रह्मोवाच सुरेश्वरम् ।।**[1]

काव्यशास्त्रात् पूर्वतो विद्यमाने वैदिकवाङ्मये चमत्कृत्यास्पदानाम् अलङ्काराणां विशेषतः उपमा - अतिशयोक्तिव्यतिरेकादीनां प्रयोगदर्शनं भवति। यथा उपमालङ्कारप्रयोगनिदर्शनम् -

**सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीराः मनसा वाचमक्रत।**
**यत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहताधिवाचि।।**[2]

मन्त्रममुमभिलक्ष्य महामहोपाध्यास्य पी.वी. काणे महोदयस्याभिमतं यत् वैदिकऋषिणाऽपि सामान्यभाषापेक्षया अलङ्कृतभाषायाः अतिशयशोभाशालित्वममानि। इत्थं वैदिककालादारभ्यैव काव्यशास्त्रसम्बन्धिविचाराः प्रवर्तन्ते।

न्यायादिशास्त्राणाम् अलङ्कारशास्त्रस्य च प्रगाढानुशीलनेन पाण्डित्यसम्भृतमतिः आचार्यो महिमभट्टः स्वीयदोषविवेचनशैल्या भरतादारभ्य प्रवर्तिताम् आनन्दवर्धनादिभिः सम्पोषिताम् अलङ्कारशास्त्रपरम्परां स्वीयव्यक्तिविवेकाख्यग्रन्थप्रणयेन दृढस्तम्भरूपेण सुदृढां समलङ्कृताञ्च कुरुते। यद्यपि व्यक्तिविवेककाराद् पूर्वं भरत-भामह-दण्डि-आनन्दवर्धनप्रभृतयो बहवो काव्यतत्त्वज्ञा अभूवन् यैः नवनवोन्मेषशालिन्या प्रतिभया काव्यशास्त्रं नानासिद्धान्तप्रवर्तनैः रसाङ्कार-रीति-गुण-ध्वनिप्रभृतिकाव्यतत्त्वविवेचनेन च समृद्धं सम्पादितं तथापि सुविस्तृतायामस्यां काव्यतत्त्वविवेचनपरम्परायाम् आचार्यमहिमभट्टस्य स्थानं सुप्रतिष्ठितमेव राराजते। महिमभट्टप्रणीतयोः तत्त्वोक्तिकोषव्यक्तिविवेकयोः ग्रन्थयोरधुना यद्यपि एक एव व्यक्तिविवेकाख्यः समुपलभ्यते तथापि एतेनैव ग्रन्थरत्नेन अक्षुण्णम् आचार्यस्यामलं यशः अलङ्कारशास्त्रे प्रतिष्ठितं स्थानञ्च।

**आधातुं व्युत्पत्तिनप्तृणां योगक्षेमभोजानाम् ।**
**सत्सु प्रथिततनयानां भीमस्यामितगुणस्य तनयानाम् ।।**
**श्रीधैर्यस्याङ्गभुवा महाकवेः श्यामलस्य शिष्येण।**
**व्यक्तिविवेको विदधे राजानकमहिमकेनायम् ।।**[3]

इति महिमभट्टस्यैव वचोभिः सुस्पष्टं भवति यत् कियद् महत्त्वपूर्णं व्युत्पत्तये व्यक्तिविवेकाख्यो ग्रन्थः महिमभट्टस्य काव्यशास्त्रीयं योगदानञ्च। महिमभट्टस्य

काव्यशास्त्रीयं वैशिष्ट्यं विशिष्टतया दोषविवेचनप्रकरणेन वरीवर्ति। वस्तुतः काव्यं शब्दार्थयोः साहित्यम् । यदुक्तं **''शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्''।**[4]

अभिधा-विवक्षा-तात्पर्य-प्रविभागादिभिः निरूपिते शब्दार्थयोः साहित्ये वाक्यौचितविचारणा परमावश्यकी। उक्तञ्चापि - **''तत्र चाभिधाविवक्षादिभिर्निरुपिते शब्दार्थयोः साहित्ये वाक्यस्यप्रयोगानर्हता प्रयोगयोग्यता च निश्चीयते।''** भगवता पतञ्जलिनाऽपि साधुशब्द्रपयोगस्य माहात्म्यम् असाधुशब्दप्रयोगस्य गर्हितत्त्वमगादि। यदाह - **''एकः शब्दःसुप्रयुक्तः सम्यज्ञातः स्वर्गे लोके च कामधुक् भवति।''**[5]

अमुमेव विषयं स्फुटं प्रकाशयता आचार्यभोजराजस्याऽपि मतं यत् सम्यक् प्रयोगोपपादनाय दोषहानपूर्वकं गुणालङ्कारादीनां योग आवश्यकः। एतेषु दोषहानस्य प्राथम्येनोपपादानात् सर्वातिशायि महत्वं ख्याप्यते।[6] दोषहानस्य महत्त्वं न केनाप्यपलपितम् आचार्य दण्डिनापि कमनीयरुपादि सम्पन्ने वपुषि यथा कुष्ठविन्दुः अत्यन्तमरुचिं जनयति तद्वदेव स्वल्पोऽपि दोषः कमनीयकाव्यवपुषि नितरामसह्य इति स्वमतमजनि। उक्तञ्च -

**तदल्पमपि नोपेक्ष्यं काव्ये दुष्टं कथञ्चन ।**
**स्याद्वपुः सुन्दरमपि श्वित्रेणैकेन दुर्भगम् ।।**
**नाकवित्वमधर्याय मृतये दण्डनाय वा।**
**कुकवित्वं पुनः साक्षान्मृतिमाहुर्मनीषिणः।।**[7]

इत्थं पूर्वाचार्यपरम्पराया अनुशीलनेन दोषहानस्य महत्त्वं दुष्टप्रयोगस्य च अक्षम्यत्वं स्फुटं प्रतीयते। अतः आचार्यमहिमभट्टकृतं युक्तियुक्तं सतर्कं विशिष्टं दोषविवेचनप्रकरणम् अलङ्कारशास्त्रपरम्परां महदुपकरोतीति निश्चप्रचम् ।

काव्ये जीवातुभूतं तत्त्वं किमिति विषयमवलम्ब्य काव्यशास्त्रे विस्तरेण चर्चा प्राप्यते। आचार्यानन्दवर्धनः काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति उद्घुष्टवान् येन प्रसङ्गेस्मिन् नूतनाक्रान्तिरजनि। आचार्यानन्दवर्धनः काव्यशास्त्रे स्वीयविशिष्टौदार्यपूर्णदृष्ट्या सर्वाधिकः प्रतिष्ठिततम आचार्यः। आनन्दवर्धनस्य विशिष्टं काव्यविषयकं ध्वनिसिद्धान्तम् आचार्यपादोऽभिनवगुप्तः राजानको महिमभट्टश्च सम्यग् अवगच्छतः। ध्वनितत्त्वोन्मीलनाय महिमभट्टस्य योगदानं नाति स्वल्पम्। ध्वनिवर्त्मन्यतिगहने स्खलितं वाण्यां पदे पदे सुलभम् इति निगदतो महिमभट्टस्य

सम्यग् अनुशीलनार्जितज्ञानालोकेनैव अतिगभीरे ध्वनिप्रस्थाने सम्यक् प्रवेशः सम्भवति। अतो महिमभट्टस्य अलङ्कारशास्त्रीयं योगदानम् अतुल्यमेव। महिमभट्टस्य व्यक्तिविवेकनामक एक एव ग्रन्थः समुपलभ्यते यद्यपि द्वितीयोऽपि तत्त्वोक्तिकोषाख्यो व्यक्तिविवेके समुल्लिखितः परं नाद्यावधि सम्प्राप्तः। आचार्यानुसारं तत्त्वोक्तिकोषग्रन्थे तेन प्रतिभास्वरूपं विस्तरेण प्रपञ्चितम्।[8] प्रमाणप्रमितमेतत् यत् महिमभट्टः समकालिकः सर्वोत्कृष्टः काव्यसमीक्षकः अभूत् ।

**द्वयं गतं सम्प्रति शोचनीयतां समागमप्रार्थनया कपालिनः।**

**कला च सा कान्तिमती कलावतस्त्वमस्य लोकस्य च नेत्रकौमुदी।।**[9]

इति कालिदासीयपद्यं समीक्षमाणः निगदति यत् कपालिनः समागमप्रार्थना शोचनीयतायाः हेतुत्त्वेन निगदिता यतोहि कपालधारिणः अमङ्गलमूर्तित्वात् । कपालिनः निन्दिताचारवशात् धर्मशास्त्रद्वारा तद्दर्शनं तेन साकं सम्भाषणञ्चाऽपि पापहेतु अतः पतित्त्वेन तस्य प्राप्तिः कामना वा नोचिता।[10] अतः श्लोकेऽस्मिन् कपालिनः पदस्य अपेक्षया पिनाकिनः इति पदाधानं शोचनीयत्त्वोपपत्तौ दोषपूर्णमिति सूक्ष्मेक्षिकया परवर्त्याचार्यः रुय्यकादयः तं व्यक्तिविवेककारनाम्ना सादरं स्मरन्ति। एतेन महिमाचार्यं प्रति तदीय-अलङ्कारशास्त्रीययोगदानं प्रति च आचार्याणां श्रद्धाभावः ख्याप्यते।

व्याकरणदर्शनादिशास्त्राणां विश्रुतो विद्वान् राजानको महिमभट्टः स्वीयं निखिलं शास्त्रगाम्भीर्यं व्यक्तिविवेके प्रकटीचकार। व्यक्तेरनुमानेऽन्तर्भावरूपप्रयोजनं ग्रन्थरचनाप्रयोजनं प्रकटयन् सम्प्रतिपत्तितोन्यथा वा इति विवेचनस्य मार्गद्वयम् अवलम्बते। ध्वनिविरोधिषु आचार्येषु धौरेयो महिमभट्टः अलङ्कारशास्त्रस्य उत्तरवर्तिषु ग्रन्थेषु व्यक्तिविवेककार इति नाम्ना सुप्रसिद्धः। कारयित्री भावयित्री चेत्युभयप्रतिभामण्डितवपुरयं तत्त्वद्रष्टा समालोचकः वर्तते। कालिदास-भारवि-भवभूतिप्रभृतिमहाकवीनां नाटककाराणाञ्च कृतयो गुणदोषमधिकृत्य विवेचिताः।[11]

रामायणादारभ्य कालिदासभारविमाघभवभूतिबाणभट्टनारायणहर्षप्रभृतीनां प्रायः सर्वाभ्यः कृतिभ्यः व्यक्तिविवेके श्लोकाः उदाहृताः। नीरक्षीरविवेक-शक्तिसम्पन्नस्य अस्याचार्यस्य सुकुमारवस्तुनि साहित्ये जटिले न्यायशास्त्रे पदशास्त्रे अन्येष्वपि कोशकलाचतुर्वर्गादिषु अविच्छन्नमेव भारती लीलायते। तथापि जातिगुणक्रियाद्रव्याख्याश्रयपूर्वकं शब्दस्य प्रवृत्तिनिमित्तमुक्तवा वैयाकरण-

मतावलम्बित्वमस्य सिध्यति। व्यक्तिविवेककारस्य अलङ्कारशास्त्रे योगदानं विशिष्टितया काव्यदोषविवेचनेन सिध्यति। पूर्वाचार्यपरम्पराविवेचितविषयमेव स्फुटं प्रकाश्य महिम्ना महदुपकृतमलङ्कारशास्त्रम्। आचार्यभरतादारभ्य पण्डितराजजगन्नाथपर्यन्ता प्रमाणरूपेण विद्यमाना अलङ्कारशास्त्राणां परम्परा दोषाणं हेयत्वविषयकं नैजं दृष्टिकोणं प्रयच्छति।

भरतेन नाभिधायि दोषसामान्यलक्षणं तथापि दोषविपर्ययात्मनो गुणा इत्यभिधाय भावनात्मकं स्वरूपमुपस्थापितम्। भरतानन्तरम् आचार्यभामहकृतकाव्यालङ्कारेऽपि सविस्तरं दोषविवेचनं लभ्यते परं दोषसामान्य-लक्षणाऽविष्करणे तेनाऽपि मौनमाकलितम् ।

भामहानन्तरं काव्यादर्शेऽपि विस्तरेण दोषोल्लेखं कुर्वताऽपि आचार्येण दण्डिना दोषसामान्यस्य परिभाषा न कृता। यद्यपि दोषाविपत्तये तत्र गुणाः सम्पत्तये तथा[12] इत्यभिधायि येन तन्मते दोषसामान्यलक्षणं कल्प्यते तथापि एतेन अस्फुटमेव दोषसामान्यलक्षणं तिष्ठति विपत्तिसम्पत्तयो अस्फुटत्वात् ।

अग्निपुराणकारः उद्वेगजनकत्वं दोषत्वमिति दोषसामान्यलक्षणं[13] किञ्चिद् स्फुटमकरोत् । काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिकारः आचार्यो वामन अपि **'काव्यशरीरेस्थापिते काव्यसौन्दर्याक्षेपहेतवःत्यागाय विज्ञातव्या इति'** तथा **'गुणविपर्यात्मनो दोषाः'** इत्यभिधाय कविदृष्ट्या दोषसामान्यलक्षणं किञ्चिद् अधिकतरं स्फुटीचकार।[14] वामनोत्तरवर्ती रुद्रटाचार्यैः वैशद्येन दोषप्रकरणं विवेचयन्नपि प्राचां सादृश्यम् एव दोषसामान्यस्वरूपं स्पष्टं नाभिहितवान् ।[15]

तत्कृतदोषसम्बन्धिविवेचनेन तदीयं वामनमतापेक्षया भरतमतानुयायित्वं स्फुटमेवाभिगम्यते। नवमशताब्दीपर्यन्तम् अलङ्कारशास्त्रस्य यः परम्पराप्रवाहो लभ्यते तत्र आनन्दवर्धनाचार्यस्योदयेन किञ्चिद् परिदृश्यं परिवर्तितम् । ध्वनिप्रतिष्ठापकाचार्यस्य आगमनानन्तरम् अलङ्कारशास्त्रसमबन्धन्धिमान्यताः परिवर्तिताः। ततः पूर्वम् अलङ्कारशास्त्रज्ञैः काव्यस्य वस्तुगतमेव रूपं साक्षात् कृतं परं ध्वनिप्रतिष्ठापनानन्तरम् अलङ्काररीतिवृत्तीनां काव्यसर्वस्वतया अभिधानापेक्षया ध्वनेरेव काव्यात्मतया प्रतिष्ठापनं जातम् । इत्थम् अलङ्कारगुणादय आनुकूल्येन वर्तमानाः सौन्दर्याधायकतत्त्वानि यथा रसेन सहसम्बद्धाः जाताः तद्वदेव सौन्दर्यविघातकत्त्वं दोषोऽपि रसेनैव सम्बद्धः। काव्यात्माभिव्यक्तौ बाधकतत्त्वानां

विस्तृततया विवेचनं कुर्वता अनौचित्यमेव महान् दोष इत्यभिदधताऽपि आनन्दवर्धनाचार्येण दोषसामान्यलक्षणं स्फुटतया नाकारि।

आनन्दवर्धनानन्तरं परवर्तिभिराचार्यैः काव्यतत्त्वानां रसानुकूल्येन विवेचनमारब्धं फलतो दोषविवेचनाऽपि रसोन्मुखिनी सञ्जाता। पुनः रसस्य साक्षात्रूपेण परम्परया वा विघातकत्वात् दोषवर्गीकरणमन्तरङ्गदोषरूपेण बहिरङ्गदोषरूपेण च प्रवृत्तम्। आचार्यपादेनाभिनवगुप्तेनाऽपि विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिरिति भरतरससूत्रस्य व्याख्यायां क्वचिदपि स्फुटं नोपस्थापितम् । अत्यन्तं स्फुटतया दोषसामान्यस्वरूपाभिधानस्य गुरुतरं कार्यं सर्वप्रथमम् आचार्यमहिमभट्टस्यैव अलङ्कारशास्त्रपरम्परायां महनीयं योगदानम् । यदुक्तं महिम्ना ''**एतस्य च विवक्षितरसादिप्रतीतिविघ्नविधायित्वं नाम सामान्यलक्षणम् ।**''[16] महिमभट्टः रससत्ताम् अपरिहार्यां मनुते तस्मात् दोषस्वरूपप्रतिपादनेऽपि रसप्रतीतिर्मुख्यत्वमावहति। विवक्षितरसादीनां प्रतीतौ विघ्नविधायकतत्त्वानि दोषरूपेण उद्घुष्टानि। कवेरनवधानत्वात् काव्ये दोषाः जायन्ते रसभङ्गञ्च कुर्वन्ति।

यदुक्तम् -

**पारम्पर्येण साक्षाच्च यदेतद् प्रतिपद्यते।**

**कवेरजागरूकस्य रसभङ्गनिमित्तताम् ।।**[17]

इत्थम् अन्तरङ्गबहिरङ्गतया भागद्वयमपि दोषाणां कृतम् । महिमभट्टस्य दोषसामान्यलक्षणं वर्गीकरणञ्च पूर्ववर्त्याचार्याणामपेक्षया अत्यन्तं व्यवस्थापितं मौलिकञ्चास्ति। यद्यपि पूर्वाचार्यैः सविस्तरं दोषविवेचनमकारि तथापि मौलिकाधारस्य अस्फुटत्वात् विवेचनमपि अस्पष्टमेव तिष्ठति। वामनाचार्येण '**काव्यशोभायाः कर्तारो धर्माः गुणाः**' एतदुक्त्वा '**गुणविपर्ययात्मनो दोषाः**' इति यद् दोषसामान्यलक्षणमभिहितं तत्र सौन्दर्यस्य परिभाषायाः अस्फुटत्वात् दोषत्वम् ।

वामनाचार्यः रीतिं काव्यात्मतया अभ्युपगच्छति।[18] अतः रीतिविशेषस्य कस्यापि दोषस्य बाधकत्वे अपररीतेरनुयोगित्वं जायते। अतः काव्यात्मतया व्यवस्थितस्य रीतितत्त्वस्य विरोधित्त्वं दोषस्य नाभिधातुं शक्यते। परम् आचार्यमहिभट्टस्य दोषलक्षणे वर्गीकरणे च एते व्यवस्थाभेदाः न प्राप्यन्ते। रसप्रतीतौ

बाध एव दोषत्वाधारः स्वीकृतः। रसमाश्रित्यैव दोषवर्गीकरणमपि कृतम् । इत्थं मौलिकमाधारं व्यवस्थाप्य स्फुटं दोषलक्षणं दोषवर्गीकरणञ्च आचार्यमहिमभट्टस्य अलङ्कारशास्त्रीयं योगदानं गौरवमावहति।

## सन्दर्भाः


1. नाट्यशास्त्रम् (काव्यमालासंस्करणम्) अ. 1.1,7,12,15,18,19
2. ऋग्वेदसंहिता- 10.71.02
3. व्यक्तिविवेकः 3.35, 36
4. काव्यालङ्कारः (भामहः) 1.16
5. महाभाष्यम्
6. सम्यक् प्रयोगश्चास्य तदोपपद्यते यदा दोषहानं गुणोपादनमलङ्कारयोगो रसादियोगश्च भवति तेषां च प्रथमं दोषहानमेव विधेयम् । शृङ्गारप्रकाशे नवमः प्रकाशः, पृ. 299
7. काव्यादर्शः 1.7
8. इत्यादि प्रतिभातत्त्वमस्माभिरुपपादितम् ।
   शास्त्रे तत्त्वोक्तिकोशाख्ये इति नेह प्रतन्यते।। व्यक्तिविवेकः, 3.119
9. कुमारसम्भवम्
10. अत्र कपालिनः इति यत्समागमपार्थनायाः शोचनीयागतौ हेतुत्त्वोनोपपात्तायाः सम्बन्धिद्वारेण विशेषणं यत् तस्यास्तत्र यत्सामर्थ्यं तत्सुतरामुपबृंहीयति। तस्य सकलामङ्गलनिलयतया निन्दिताचारनिरततया च दर्शनसम्भाषणादीनामपि प्रतिषिद्धत्वात्। व्यक्तिविवेक;, पृ. 203-204
11. यत्तु व्यक्तिविवेककारो वाच्यस्य प्रतीयमानं प्रति..... नेह प्रतन्यते। व्यक्तिविवेकः, पृ. 11
12. काव्यादर्शः, पृ. 4.1
13. उद्वेगजनकोदोषः। अग्निपुराणम् - 3.47
14. गुणानां वक्ष्यमाणानां ये विपर्ययास्तदात्मानो दोषाः। काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिः
15. रूद्रटकृतं काव्यालङ्कारशास्त्रम् , 6.7 अध्यायः
16. व्यक्तिविवेकः द्वितीयोविमर्शः
17. व्यक्तिविवेक;, 1.93
18. रीतिरात्माकाव्यस्य


●●

# विश्वमङ्गलचिन्तकः महाकविकालिदासः

*डॉ. हेमन्तःहिम्मतलालशर्मा **

भारतीयचिन्तनपरम्परा आरम्भकालादेव सर्वमङ्गलस्वरूपा वर्तते। भारतीयचिन्तकानां चिन्तनस्य आधारः भारतीयं सुसमृद्धं विपुलं च वाङ्मयं वर्तते। अस्माकं वैदिकं पौराणिकं काव्यं च यद्यदपि चिन्तनमस्ति। तत्सर्वमपि विश्वस्य कल्याणार्थं विद्यते। महाराजविक्रमादित्यस्य सभारत्नभूतः, महाकविकालिदासस्य सुहृद् अमरसिंहः स्वकीयामरकोशे मङ्गलशब्दस्य द्वादशपर्यायान् दर्शयति।

**श्वःश्रेयसं शिवं भद्रं कल्याणं मङ्गलं शुभम्।**
**भावुकं भविकं भव्यं कुशलं क्षेममस्त्रियाम्।।**[1]

मङ्गलं च पुनः कल्याणादिवाचक इति सर्वत्र सुविदिमेवास्ति। महाकविःकालिदासः कविकुलगुरुर्वर्तते। विश्वेषां मङ्गलचिन्तनं चास्मद्भारतीयानां सर्वजनकल्याणकारिणी गुरुपरम्परा इत्यस्ति प्रसिद्धिः। कविकुलगुरोः इयम् आर्षी परम्परा अभिज्ञानशाकुन्तलस्य मङ्गलाचरणे दृष्टव्या। विश्वकल्याणार्थं परमेश्वरः ईशः समाराधितोऽस्ति।

**या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्याच होत्री**
**ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिताव्याप्य विशम्।**
**यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः**
**प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः।।**[2]

---

* सहायकप्राध्यापकः, शासकीयसंस्कृतमहाविद्यालयः, उज्जयिनी

साम्प्रतिके समये मानवीयजीवनसंधारणसम्पोषणचिन्ताकुले मानवसमाजे निसर्गरक्षा परमावश्यकी इत्यस्ति महाकवेः कालिदासस्य विश्वमङ्गलकामनासन्देशः।

सशैलवनकाननम् इदं भूमण्डलं यावद् भविष्यति। तावदेव निरामया अविच्छिन्ना सुबुद्धा सन्तानपरम्परायुता मानवसभ्यतात्र स्थास्यति। अथ चेयं सुसमृद्धा भारतीया संस्कृतिः, यस्याश्च धुरन्धरः, प्रबोधकश्च महाकविकालिदासः अस्ति। अस्यां भारतीयसंस्कृतौ विश्वमङ्गलचिन्तकाः महान्तो ग्रन्थाः सन्ति। तत्र च महाकविकालिदासप्रसारिता उदात्ता विचारसरणिर्वर्तते।

**सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु।**

**सर्वः कामनवाप्नोतु सर्वः सर्वत्र नन्दतु॥**[3]

इत्येतादृक्कामनाभिः महाकविकालिदासस्य यशोमङ्गलं सर्वत्र समेधते। अभिज्ञानशाकुन्तले प्रथमाङ्के त्रयोदशपद्यानन्तरं दुष्यन्तः वैखानसं पपृच्छ - 'अपि सन्निहितोऽत्र कुपलतिः'? तं वैखानस उवाच - 'इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः'।[4]

महाकविकालिदासः विश्वमङ्गलचिन्तम् अत्र प्राबोधयत् यदधत्वे सर्वैःसर्वत्रापि एषा चिन्तनरीतिः आनेतव्या, समादरणीया च यत् परकीयामपि कन्यका (यां किल एकाकिनीं वने जन्मदात्री मेनका परित्यज्य गता) ताम् अयम् ऋषिः कण्वः पुपोष पालयामास च।

अथ चायम् ऋषिः शकुन्तलायाः भागधेयं दृष्ट्वा अस्याः दुरितोपशमनाय सोमतीर्थं जगाम। कन्यकाः प्रति दृष्टिपरिवर्तनमत्र शिक्षयति मानवान् महाकविः कालिदासः।

अथ अभिज्ञानशाकुन्तले चतुर्थाङ्के त्रयोदशे पद्ये शकुन्तलायाः पतिगृहगमनावसरे कण्व उवाच -

**सङ्कल्पितं प्रथममेव तवार्थे**
**भर्तारमात्मसदृशं सुकृतैर्गता त्वम्।**
**चूतेन संश्रितवती नवमालिकेय-**
**मस्यामहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्तः॥**[5]

'प्रारभ्य चोत्तमजनाः न परित्यजन्ति'[6] इति भर्तृहरिवचनम्। अत्र एतदेव चिन्त्यं यद् ऋषयः उत्तमं चरित्रं शिक्षयन्ति। महर्षिः कण्वः शकुन्तलयाः लालन-पालन-

संवर्धनानि च कृत्वा समाजं प्रेरयति। ऋषयः महर्षयश्च समाजोद्धर्तारः सन्ति। कथं न चिन्तयेयुर्विश्वमङ्गलम् । पुनः महाकवेः कालिदासस्य एष एव मङ्गलाशयः यत् विश्वे मानवसमाजः सर्वेषां कृते मङ्गलमनस्कः स्यात् ।

महाकविकालिदासस्य साहित्ये सर्वत्रापि सन्मार्गप्रेरकाः ऋषय एव। अभिज्ञानशाकुन्तले कण्वः, कश्यपः च। रघुवंशे वसिष्ठः वरतन्तुः च। विक्रमोर्वशीये-भरतमुनिः च। एतद्दृष्ट्वा एषापि काचित्प्रेरणा प्राप्यते। यत् समाजोद्धारार्थं चिन्तन-मनस्कानां यूनां कृते उत्तमा एका कार्ययोजना कार्या यत्र यूनां प्रबोधनप्रशिक्षणादिकं कृत्वा, गृहस्थाश्रमस्य लङ्घनं कुर्वन्तः तितिक्षवश्च सन्तः, ते विश्वे मानवसमाजम् उद्धरेयुः। अनेन महिलापराधस्य नियन्त्रणमथ च जनसङ्ख्यायां प्रवृद्धायाः लिङ्गानुपातविषमतायाः समाधानमपि भविष्यति।

महाकविः कालिदासः सर्वमङ्गलं चिकीर्षुः सन् अभिज्ञानशाकुन्तलस्य विषयवस्तुना एतत्प्रबोधयितुमियेष यत्सामान्यामपि जीवनपद्धतिम् उदात्तां कर्तुं शक्नुमो वयम् । मनोजाकर्षणजन्यं विकृतप्रेमापि आप्तानां धर्मोपदेशकर्तृणां चाशीर्भिः विशुद्धं निर्मलं च कर्तुं शक्नुम इति।

अद्यत्वे युवयुवत्यः जीवनस्य वास्तविकतां विहाय विकृत्यनुकरणं कुर्वन्तो मनोजन्यभावाकर्षणेन आकृष्टाः अमूल्यं जीवनं व्यर्थं कुर्वन्तः यथाकथञ्चिद् जीवन्ति। तेषाम् अनुशासनशून्ये, अभ्युदयाकाङ्क्षारहिते च जीवने समुत्साहपूर्त्यै विश्वमङ्गलचिन्तकः महाकविकालिदासः एतद् बोधयति यद् ऋषीणां कुलज्येष्ठानां च समादरसमर्चनादिभिरुपायैः वैश्विकीं ख्यातिम् आत्मकल्याणं च कर्तुं प्रभवामः।[7]

आरम्भे 'अहो मधुरमासां दर्शनमित्येतादृग्विचारकर्ता दुष्यन्तः पश्चात्तापानन्तरं सुकृती सन् सप्तमाङ्के कश्यपाश्रमे विंशतेः पद्यानन्तरम् 'अनार्यः परदारव्यवहारः'[8] इत्येवं निर्विकारभावमवाप।

अयं पुनः विश्वमङ्गलकर्तुः शचीपतेः इन्द्रस्यापि मङ्गलकर्ता दुष्यन्तः महर्षेः कश्यपस्य आशीर्वचोभिः पूतः पुरस्कृतश्च विश्वप्रजानां मङ्गलकर्मसु प्रावर्तत ।

अथ चेदानीन्तनाः राजानोऽपि (ये खलु कार्याकार्यविमूढधियः सन्ति)। महाकविकालिदासेन अभिज्ञानशाकुन्तले भरतवाक्यमुखेन विश्वमङ्गलकर्मसु प्रेरिताः सन्ति।

**प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः।**

**सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम् ॥**

अपि च रघुवंशमहाकाव्ये महाकविकालिदासः सर्वकल्याणकारिण्याः भारतीयसंस्कृतेः पूर्णविकसितां जीवनपद्धतिम् आत्मकल्याणाकाङ्क्षिभ्यः प्राकाशयत्। 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च'[9] इत्येतत् श्रुतेरनुसारं जगतो मूलं सूर्यः। अतो महाकविकालिदासः काव्यवर्णनया एतदबोधयत् यत् सर्वेऽपि आजन्मशुद्धाः, आफलोदयकर्माणः, यथाविधिहुताग्निनः शैशवेऽभ्यस्तविद्याः,वार्धके मुनिवृत्तिकाः, अन्ते योगेन तनुत्यजः इत्यादिगुणोपेताः स्युः। एवञ्च विश्वेषां मङ्गलं कामयामास।[10] अथ चान्ते विश्वे स्वस्यापि अन्तर्भावात् ।

**उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत् ।**

**आत्मैवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥**[11]

इतीमां विश्वरूपधर्तुः जगद्गुरोर्भगवतः श्रीकृष्णपरमात्मनो गरीयसीमाज्ञांच पालयन्महाकविः कालिदासः जगन्मङ्गलकर्तारं भगवन्तं नीललोहितं प्रत्यात्मनिवेदनं प्राकटयत् ।

**ममापि च क्षपयतु नीललोहितः।**

**पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः॥**[12]

महाकविकालिदासः विश्वमङ्गलचिन्तनेन विश्वदिङ्मण्डल विजयीति एतत्साहित्याध्ययनेन प्रमाणीभवति।

## सन्दर्भाः

1. अमरकोशः प्रथमकाण्डे- 1/4/25
2. अभिज्ञानशाकुन्तलम् - 1/1
3. विक्रमोर्वशीयम् - 5/25
4. अभिज्ञानशाकुन्तलम् - 1/3 पद्यानन्तरं दुष्यन्तवैखानससंवादः
5. अभिज्ञानशाकुन्तलम् - 4/13
6. भर्तृहरिनीतिशतकम् - 27
7. अभिज्ञानशाकुन्तले-1/17 पद्यानन्तरं दुष्यन्तवचनम्
8. अभिज्ञानशाकुन्तले-1/20 पद्यानन्तरं दुष्यन्तवचनम्

9. शुक्लयजुर्वेदः-7/42
10. रघुवंशमहाकाव्यम् - 1/5-8
11. श्रीमद्भगवद्गीता - 6/5
12. अभिज्ञानशाकुन्तलम् - 7/35

●●

# गीता में कर्म, भक्ति और ज्ञानयोग का समन्वय

**डॉ. आशीष शुक्ला***

गीता के प्रचलन के पूर्व तक उपनिषदीय काल का अधिक बोलबाला था। जिसमें केवल दार्शनिक सिद्धान्तों व आत्मा की अपरोक्ष अनुभूति का प्रतिपादन था। ज्ञान का भण्डार तो उपनिषदों में प्रचुर मात्रा में है; परन्तु वे उपनिषद् केवल विद्वानों, दार्शनिकों के अध्ययन मनन के विषय रह गये। उस समय मानव धर्म को लक्षित करके अनेक दार्शनिक मत-मतान्तर प्रचलित थे। जिसमें लोग अध्यात्म में ही दलबन्दी के वशीभूत हो मतान्तरों में भ्रमित रहते हुए उपनिषदीय क्लिष्ट सिद्धान्तों में उलझे हुए थे। इन उपनिषदीय सिद्धान्तों का उपयोग करते हुए गीता में एक सरल-सामान्य साधन मार्ग की व्यवस्था की गयी। भगवान् श्रीकृष्ण की अमृतमयी वाणी जो कि श्री व्यास जी के द्वारा हम सर्वसाधारण लोगों तक परोसी गयी है; वो शायद गीताजी के अभाव में हम लोगों के लिए अश्रवणीय, अदर्शनीय, अकल्पनीय होती। ऐसी कोई भी सभ्य भाषा नहीं जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद न हो। न ही कोई वैश्विक संस्कृति होगी जिसमें इसकी समता न हो। ऐसा लगता है मानो जैसे अध्यात्म व व्यवहारिकता से ओतप्रोत मोक्षरूपी तथ्य इस अद्भुत गीता ग्रन्थ की महिमा गाते हुए अध्यात्म क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हों जो कि ध्रुव व परम सत्य है।

## गीता का योग से सम्बन्ध

गीता के अट्ठारह अध्याय हैं। उन प्रत्येक अध्यायों के नाम किसी न किसी योग से सम्बन्धित हैं। जब हम प्रत्येक अध्यायों की समाप्ति को देखते हैं तो उसमें भी

* प्रवक्ता (नव्यव्याकरण), श्री दुर्गा संस्कृत महाविद्यालय, महोबा (उ.प्र.)

**'ब्रह्म विद्यायां योगशास्त्रे'** ऐसा लिखा रहता है। जिससे योग गीता में अन्तर्भूत होने के साथ ही साथ बाह्य रूप से भी समन्वित प्रतीत होता है। इसलिए इसका एक नाम **योगशास्त्र** भी है। गीता में अट्ठारह प्रकार के योगों का वर्णन है; परन्तु उनमें से तीन योगों का समन्वय अधिक देखने को मिलता है। जिसका नाम है - कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग।

**कर्मयोग**

अन्य दार्शनिकों की अपेक्षा मीमांसा मतावलम्बी कर्म की प्रधानता पर ही अधिक बल देते हैं। वो ज्ञान द्वारा मोक्ष की अपेक्षा कर्मोपरान्त (कर्मकाण्ड के द्वारा) ही मोक्ष का प्रतिपादन करते हैं। जैमिनी सूत्र में कहा भी गया है - **''आम्नायस्य क्रियार्थत्वादानर्थक्यमतदर्थानां''** आम्नाय (वेद) का मुख्य प्रयोजन कर्म का प्रतिपादन है। अतः उसमें भिन्न ज्ञान प्रतिपादक वाक्य निरर्थक है।[1]

कर्म सम्बन्धी मार्ग का उपदेश कर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ईश्वर प्राप्ति के लिए एक नया मार्ग बतलाया जो महाभारत के अंशभूत श्रीमद्भगवद्गीता में कर्मयोग के नाम से जाना गया। कर्मयोग का इतना सुन्दर उदाहरण व वर्णन अन्य कहीं ग्रन्थों में देखने को नहीं मिल पायेगा जितना कि गीता शास्त्र में कर्म का पाठ पढ़ाते हुए जीवन का सर्वस्व सार ही वर्णित है। समरभूमि में किं**कर्तव्यविमूढ़ते** की स्थिति में खड़े हुए अर्जुन जिनका मन-मस्तिष्क अनन्त वैचारिक झंझावतों में उलझा हुआ डगमगा रहा था। उन अर्जुन को मानसिक रूप से संतुलित कर संसारासक्ति से विरक्त करते हुए **'नरक का भय दिखा'**[2] योगीराज श्रीकृष्ण ने अपने कर्मोपदेश में कहा -

**स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि।**
**धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते॥**[3]

तू अपना कर्तव्य छोड़कर ये किसके लिए रो रहा है ? क्यों इस प्रकार दुःखी व हताश बैठा है? 'हे अर्जुन ! सम्पूर्ण प्राणी जन्म से पहले अप्रकट थे और मरने के बाद भी अप्रकट हो जाने वाले हैं। केवल बीच में ही प्रकट हैं फिर ऐसी स्थिति में भी क्या शोक करना ?'[4] क्योंकि इस संसार में ऐसा कोई भी प्राणी नहीं है; जो बिना कर्म के रह सके - **''न हि कश्चित्क्षणमपि जातुतिष्ठत्य कर्मकृत्''**[5] इसलिए तू भी अपने धर्म का पालन करते हुए ममत्व को त्याग कर कर्तव्य कर्म करता रह। परन्तु ध्यान रहे कि कर्म करते समय दुर्गुण आने की सम्भावना अधिक

रहती है। यदि कर्म वासना व फलाकाङ्क्षा से युक्त होगा तो प्राणी अवश्य ही बन्धन की ओर अग्रसर होता जायेगा। इसलिए फलासक्ति की ओर से निरपेक्ष होकर कर्म कर। **''कर्म करने मात्र में ही तुम्हारा अधिकार है। फल की अपेक्षा कभी मत करो। फलासक्ति के साथ कर्म सम्पादन में प्रवृत्त मत हो।''**[6] फल आकाङ्क्षा रहित हो और उस समय कोई कामना न आए; इसका मतलब यह नहीं कि इसके भय से कर्म करना ही बन्द कर दें। **''कार्य न करने की अपेक्षा तो कार्य करना ही श्रेष्ठ है। यदि कर्म न करोगे तो तेरा निर्वाह भी नहीं होगा। इसलिए तुम अवश्य ही शास्त्र सम्मत कर्म करो''**[7] तभी तुम्हारा कल्याण होगा।

बस निरपेक्ष भाव से कर्म करता चल। सुख मिले या दुःख, असफलता या सफलता चाहे किसी भी परिस्थिति में रहो अपना कर्तव्य करते रहो। ''कर्मयोगी अपने लिए कुछ करता ही नहीं है, अपने लिए कुछ चाहता ही नहीं है और अपना कुछ मानता ही नहीं। इसलिए उसमें कामनाओं का नाश सुगमतापूर्वक हो जाता है। कामनाओं का सर्वथा नाश हो जाने पर उसके उद्देश्य की पूर्ति हो जाती है और वह अपने आप में ही अपने आप को पाकर कृतकृत्य, ज्ञात-ज्ञातव्य और प्राप्त-प्राप्तव्य हो जाता है। अर्थात् इसके लिए कुछ भी करना, जानना और पाना शेष नहीं रहता''।[8]

क्योंकि हे अर्जुन ! जो पुरुष मन से इन्द्रियों को वश में करके अनासक्त हुआ समस्त इन्द्रियों द्वारा कर्मयोग का आचरण करता है, वही श्रेष्ठ है।''[9] ''जनकादि ज्ञानीजन भी आसक्ति रहित कर्म द्वारा ही परमसिद्धि को प्राप्त हुए थे।''[10] ''इसलिए तू भी निरन्तर आसक्ति से रहित होकर सदा कर्तव्य कर्म को भलीभाँति करता रह।''[11] साथ ही **'कर्ताहमिति मन्यते'**[12] रूपी अज्ञानाहंकार से विमोहित हुए बिना समस्त कर्मों को ईश्वर को समर्पित कर दिया कर। इससे कर्ता को कर्मफल नहीं मिलता और वह कर्मफल से सर्वथा निवृत्त हो कैवल्य अर्थात् परमपद को ही प्राप्त होता है।

**यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।**
**हत्वापि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते॥**[13]

अर्थात् गीता में जो नियत कर्मों (शास्त्र विहित कर्तव्य कर्मों) को करने का परामर्श दिया है; वही कर्मयोग है।

**भक्तियोग**

रामानुजाचार्य, निम्बार्काचार्य और बल्लभाचार्य जी ने भक्तियोग को प्रमुख मानते हुए कर्म और ज्ञानयोग को गौण रूप से प्रस्तुत किया है। गीता में कहा गया है - **'य इमं परमं गुह्यं'** अर्थात् गीता शास्त्र को परम रहस्य युक्त बताया है और कहा कि - **'मद्भक्तेष्वभिधास्यति'**[14] अर्थात् इस पंक्ति में भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा भक्तियोग का समर्थन प्राप्त है और भक्तों के उद्धार की ही चिन्ता हो रही है।

काफी विश्लेषण और नाना प्रकार के तर्कों के बाद हम पायेंगे तो सिर्फ यही कि कर्म और ज्ञान मार्ग की अपेक्षा भक्ति मार्ग परम सरल और सराहनीय है। इसके बिना कोई भी क्रियाकलाप पूर्ण नहीं होता। भगवान् ने जब अर्जुन को विराट् रूप दिखाया तब कहा कि - **'नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया'**।[15] परन्तु **'मेरा यह चतुर्भुज रूप अनन्य भक्ति द्वारा ही देखा जा सकता है'**[16] और कोई उपाय नहीं।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए देखा जाय तो ऐसा लगता है कि मानो गीता में भगवान् श्रीकृष्ण भक्तियोग के प्रेरणा स्वरूप ही यह सब कह रहे हों - 'जो अनन्य प्रेमी भक्तजन मुझ परमेश्वर को निरन्तर चिन्तन करते हुए निष्काम भाव से भजते हैं, उन नित्य निरन्तर मेरा चिन्तन करने वाले पुरुषों का योगक्षेम[17] मैं स्वयं वहन करता हूँ।'[18] अर्थात् 'जो पुरुष केवल मेरे लिए ही सम्पूर्ण कर्तव्य कर्मों को करने वाला है, मेरे परायण है, मेरा भक्त है, आसक्ति रहित है और सम्पूर्ण भूत प्राणियों में वैर भाव से रहित है, वह अनन्य भक्ति युक्त पुरुष मुझको ही प्राप्त होता है।'[19]

भक्त जब भक्तियोग से समन्वित हो लीन रहता है । तब वह भगवान् को जब-जैसे-जहाँ-जिस रूप में चाहे प्राप्त कर सकता है क्योंकि भक्ति में सब कुछ जायज होता है। ध्रुव की दृढ़ता पूर्वक परम भक्ति देख जहाँ भगवान् नारायण को स्वयं आना पड़ा वहीं प्रह्लाद की परम श्रद्धा विश्वास ने नरसिंह को खम्भे से प्रकट होने के लिए मजबूर कर दिया। ईश्वर तो केवल प्रेम और स्नेह के भूखे हैं और उन्हें क्या चाहिए ? - **पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।**[20] हम जो भी श्रद्धा पूर्वक भगवान् को अर्पण करते हैं वो बड़े ही भाव से विदुरानी के केले के छिलके की तरह निश्छल भक्ति को ही ग्रहण करते हैं। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण

कहते हैं -

**ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि सन्न्यस्य मत्पराः।**
**अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते।।**[21]

'उन मुझमें चित्त लगाने वाले प्रेमी भक्तों का मैं शीघ्र ही मृत्युरूप संसार सागर से उद्धार करने वाला होता हूँ।'[22] **ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम् ।'** हे अर्जुन! जो भी भक्त मुझको प्रेम से भजता है, मैं भी उनमें प्रत्यक्ष **प्रकट**[23] हूँ।[24] और 'जो पुरुष **अव्यभिचारी भक्तियोग**[25] के द्वारा मुझको निरन्तर भजता है; वह भी इन तीनों गुणों (सत् , रज, तम) को भली भाँति लांघकर सच्चिदानन्दघन ब्रह्म को प्राप्त होने के लिए योग्य बन जाता है।'[26] यही भक्ति योग की महिमा है।

**ज्ञानयोग**

शंकराचार्य जी ने गीता का मूल दर्शन ज्ञान योग को ही माना है। कहा है कि - 'केवलाद् एव तत्त्व ज्ञानाद् मोक्ष प्राप्तिः न कर्म समुच्चिताद्' । केवल तत्त्वज्ञान से ही मोक्ष प्राप्ति हो सकती है कर्म सहित ज्ञान से नहीं।[27] 'पक्के कर्मयोगी होने के लिए ज्ञान तथा भक्ति के पुट की नितान्त आवश्कता है। कर्म से कर्तृत्वाभिमान को छोड़ना ज्ञानी पुरुष ही कर सकता है। तथा ईश्वर में कर्मों का समर्पण भक्ति प्रवण चित्त से ही किया जा सकता है। गीता ज्ञान मार्ग के महत्व को स्वीकार करती है; परन्तु उसका ज्ञानयोग अन्य ज्ञानयोग से विलक्षण है। ज्ञानवादी (जैसे सांख्य) जिसे मोक्ष प्राप्ति का साधन बतलाये है, वह चित् - अचित् , प्रकृति-पुरुष का विवेक ज्ञान है; परन्तु गीता सम्मत ज्ञान आत्मा की एकता का सम्पूर्ण अनुभव है।'[28] जब व्यक्ति **'सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि'**[29] आत्मा को सम्पूर्ण भूतों में स्थित और सम्पूर्ण भूतों को आत्मा में कल्पित देखता है तो ये ज्ञान की अवस्था होती है। सर्व साधारण इस अवस्था में पहुँच नहीं सकता। ऊँच-नीच, छोटे-बड़े आदि भेदभाव से परे रहकर जब मानव बार-बार चिन्तन करता है तो बड़ी तपश्चर्या व कठिन साधना के बाद ही इस स्तर पर पहुँच पाता है। गीता में कहा है - **'वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः'**।[30] ऐसा महात्मा मिलना हमें दुर्लभ है। फिर भी श्रीकृष्ण कहते हैं - जो भी ज्ञानयोग का आश्रय लिए मुझको भजते है **'वो भक्त चाहे जैसे भी भजें अन्त में मुझको ही प्राप्त होते हैं।'**[31]

गीता के श्लोक 7/16 में चार प्रकार के भक्त बतलाए गए है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि इन चारों में मुझे ज्ञानी भक्त ही प्रिय है। ज्ञानी भक्त क्यों अच्छे लगते हैं ? इसके लिए भगवान् कहते है कि - 'उनमें नित्य मुझमें एक ही भाव से स्थित अनन्य प्रेम भक्ति वाला ज्ञानी भक्त अति उत्तम है। क्योंकि मुझको तत्त्व से जानने वाले ज्ञानी को मैं अत्यन्त प्रिय हूँ और वह ज्ञानी मुझे अत्यन्त प्रिय है।'[32] **''ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्''**[33] 'इस ज्ञान को आश्रय करके अर्थात् धारण करके मेरे स्वरूप को प्राप्त हुए पुरुष सृष्टि के आदि में पुनः उत्पन्न नहीं होते और प्रलय काल में भी व्याकुल नहीं होते।'[34] और भी कहा है - 'जो ज्ञानी पुरुष मुझको इस प्रकार तत्त्व से पुरूषोत्तम जानता है, वह सर्वज्ञ पुरुष सब प्रकार से निरन्तर मुझ वासुदेव परमेश्वर को ही भजता है।'[35] 'सर्वत्र आसक्ति रहित बुद्धि वाला, स्पृहा रहित और जीते हुए अन्तःकरण वाला पुरुष सांख्य योग के द्वारा उस परम नैष्कर्म्य सिद्धि को प्राप्त होता है।'[36] **''निष्ठा ज्ञानस्य या परा''**[37] इस प्रकार नैष्कर्म सिद्धि के द्वारा मनुष्य ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है।

'भगवज्जनों में ज्ञानी की सर्वोच्च स्थिति एवम् अद्वितीय महत्ता निर्विवाद सिद्ध है। भगवद्गीता में ज्ञानी के महिमा मण्डित होने से विविध योगों में कर्मयोग तथा भक्तियोग की अपेक्षा ज्ञानयोग का सर्वोत्कृष्ट महत्व है। इसलिए गीता के फलस्वरूप अन्तिम षट्क में ज्ञानयोग का ही निरूपण किया गया है। इससे भी गीता का प्रधान साधन प्रतिपाद्य ज्ञानयोग ही निश्चित होता है। इनके अतिरिक्त दूसरे भी कई कारण है जिससे यह साधिकार, निःसंकोच कहा जा सकता है कि गीता में सर्वाधिक प्रधान रूप से योगाधिराज रूप में ज्ञानयोग का ही प्रतिपादन भगवान् को अभीष्ट था।'[38]

**निष्कर्ष**

**तीनों योगों का समन्वय -** 'यद्यपि ज्ञानयोग कर्मयोग और भक्तियोग ईश्वर प्राप्ति अथवा मोक्ष प्राप्ति के पृथक् -पृथक् मार्ग हैं; फिर भी यह कहना समीचीन न होगा कि इनमें कोई समन्वय हो ही नहीं सकता। निष्काम कर्म गीता का मुख्य उपदेश कहा जाता है और यही निष्काम कर्म ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग तीनों का प्राणवायु है। निष्काम कर्म की साधना के बिना तीनों में से कोई भी योग सिद्ध नहीं हो सकता। भगवद्गीता में वेदव्यास जी ने कहीं तो ज्ञानयोग की

सर्वश्रेष्ठता प्रतिपादित की है तो कहीं कर्मयोग की और कहीं भक्तियोग की। उन्होंने सम्भवतः इन तीनों को तुलनात्मक अध्ययन करना इसलिए उचित नहीं समझा कि उससे साधकों की आस्था एवं निष्ठा एकांगी हो जायेगी। वस्तुतः यदि देखा जाए तो ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग तीनों एक ही पुष्प के त्रिपटल हैं। निष्काम कर्म की शाखा पर प्रस्फुटित हुआ त्रियोग रूपी इस प्रसून के त्रिपटल अनेक होते हुए भी एक हैं। तीनों ही एक परम लक्ष्य परम साध्य की प्राप्ति हैं। तीनों का आधार एक है। कर्म विरति की निन्दा ज्ञान योग में भी की गई और भक्तियोग और कर्मयोग में भी। आत्म समर्पण की भावना भी तीनों में अनिवार्य है। इसी प्रकार निर्लिप्त भी सर्वत्र अनुसरणीय है।'[39] अतः यह कहना अनुचित न होगा कि अनेक रूपता होते हुए भी कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के मध्य अत्यन्त विलक्षण समन्वय है।

## सन्दर्भ

1. मीमांसा सूत्र, 1/2/1
2. यदि तू इस धर्म युद्ध को नहीं करेगा तो स्वधर्म और कीर्ति को खोकर पाप को प्राप्त होगा। (गीता. 2/33)
3. गीता, 2/31
4. गीता, 2/28
5. गीता, 3/5
6. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
   मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।। (गीता. 2/47)
7. नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।
   शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः।। (गीता. 3/8)
8. गीता (साधक संजीवनी टीका, अध्याय 3, पृ. 246)
9. यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन ।
   कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते।। (गीता. 3/7)
10. कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः। . ............।। (गीता. 3/20)
11. तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचार।..................।। (गीता. 3/19)
12. गीता, 3/27
13. गीता, 18/17
14. गीत, 18/68
15. गीता, 11/53
16. भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन। (गीता. 11/54)

17. भगवत् स्वरूप की प्राप्ति का नाम योग है और भगवत् प्राप्ति के निमित्त किये हुए साधन की रक्षा का नाम क्षेम है।
18. अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
    तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ।। (गीता. 9/22)
19. गीता, 11/55
20. गीता, 9/26
21. गीता, 12/6
22. गीता, 12/7
23. जैसे सूक्ष्म रूप से सब जगह व्यापक हुआ भी अग्नि साधनों द्वारा प्रकट करने से ही प्रत्यक्ष होता है वैसे ही सब जगह स्थित हुआ भी परमेश्वर भक्ति से भजने वाले के ही अन्तःकरण में प्रत्यक्ष रूप से प्रकट होता है।
24. गीता, 9/29
25. केवल एक सर्वशक्तिमान् परमेश्वर वासुदेव भगवान् को ही अपना स्वामी मानता हुआ स्वार्थ और अभिमान को त्याग कर श्रद्धा और भाव के सहित परम प्रेम से निरन्तर चिन्तन करने को अव्यभिचारी भक्तियोग कहते है।
26. मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते।
    स गुणान्समतीत्यैतान्ब्रह्मभूयाय कल्पते।। (गीता. 14/26)
27. गीता (2/10 शा.भा., पृ. 31)
28. भारतीय दर्शन (बलदेव उपाध्याय, पृ. 64)
29. गीता 6/29
30. गीता 7/19
31. गीता 7/23
32. तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते।
    प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः।। (गीता, 7/17)
33. गीता 7/18
34. गीता 14/2
35. गीता 15/19
36. गीता 18/49
37. गीता 18/50
38. भारतीय दर्शन का परिशीलन, पृ. 27
39. भारतीय दर्शन (पी.सी.एस. गाइड), पृ. 98

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. श्रीमद्भगवद्गीता, गोविन्द भवन कार्यालय गीताप्रेस, गोरखपुर, 273005, सं. 2066
2. भारतीय दर्शन, आचार्य बलदेव उपाध्याय, शारदा मन्दिर 37-बी, रवीन्द्र पुरी वाराणसी, श्री महावीर प्रेस, भेलूपुर, वाराणसी
3. भारतीय दर्शन का परिशीलन, डॉ. रमाशंकर त्रिपाठी, भारतीय विद्या संस्थान सी 27/59 जगतगंज वाराणसी, उमा महेश्वर आफसेल, जगतगंज, वाराणसी
4. श्रीमद्भगवद्गीता (शांकरभाष्य), हरिकृष्ण गोयन्दका, गीताप्रेस, गोरखपुर, गोविन्द भवन कार्यालय, कोलकाता, सं. 2074
5. श्रीमद्भगवद्गीता (साधक संजीवनी हिन्दी टीका), स्वामी रामसुखदास, गीताप्रेस गोरखपुर, गोविन्द भवन कार्यालय, कोलकाता, सं. 2066
6. भारतीय दर्शन (पी.सी.एस. गाइड), आरती श्रीवास्तवा, प्रीति प्रकाशन, 9 यूनिवर्सिटी रोड़, इलाहाबाद

७. The Sacred books of the hindus Translated by Various Sanskrit Scholars The **Mimamsa Sutras of Jaimini** Pandit Mohan Lal Sadal, Published by Dr. Sudhindre Nath Basu, The Panini office, Bhuvaneswari Asrama, Bahadurgajn, Allahabad, 1928


●●

# प्राचीन भारतीय शिक्षा का स्वरूप : एक अध्ययन

**डॉ. प्रभाकर पाण्डेय***

ज्ञान कोई नवीन प्रत्यय नहीं जिसका सृजन किया जा सके यह समष्टि में निहित वो गुण है जो सदैव विद्यमान रहता है। समष्टि का गुण होने के कारण व्यष्टि भी इससे अक्षुता नहीं है, अर्थात् समष्टि का प्रत्येक कण ज्ञानवान बनने की प्रक्रिया में संलग्न है, जिसका प्रतिफल उसके व्यवहार में परिमार्जन के रूप में दिखाई पड़ता है। जिज्ञासु मस्तिष्क अन्तरज्ञानि हृदय, चेतनशील आत्मा और छानबीन करने वाले विवेक का विकास कर सौन्दर्यात्मक और आध्यात्मिक उत्कर्ष द्वारा पूर्ण मानव का विकास शिक्षा के माध्यम से ही सम्भव है। वैदिक वाङ्मय के तत्त्वावलोकन से यह ज्ञात होता है कि सत्य सम्वेष्टित धर्माचरण के अनुपालन द्वारा अध्ययन-अध्यापन की प्रवृत्ति का विकास वैदिक शिक्षा की मूल-अवधारणा रही है, जिससे अध्यात्मिकता से पोषित ज्ञान का विस्तार किया जा सके। बृहदारण्यकोपनिषद् में इसका दृष्टान्त है, जिसमें '**विद्यया देवलोकः**' अर्थात् विद्या से देव लोक की तथा '**कर्मणा पितृलोकः**' अर्थात् कर्म अविद्या से पितृलोक की प्राप्ति होती है।

'शिक्ष्' विद्योपादाने (भ्वा.आ.से.) धातु से 'अङ्' प्रत्यय कर 'टाप्' करने से शिक्षा शब्द निष्पन्न हुआ है, तदनुसार शिक्ष्यते उपादीयते विद्या यया सा शिक्षा अर्थात् जिसके द्वारा विद्या का उपादान अर्थात् ग्रहण किया जाय, वही शिक्षा है। वेदों में शिक्षा 'शक्' मर्षणे धातु का सन्नन्त रूप में भी कही गई है, जो कि सहने की

* सहायक प्राध्यापक, वैकल्पिक शिक्षा विभाग, सांची बौद्ध - भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, रायसेन (म.प्र.)

शक्ति अर्थ में प्रयुक्त है। ज्ञान प्राप्ति के माध्यम से शोक-मोह का निराकरण तथा कामना-निरासपूर्वक शांति एवं आनन्द स्वरूप-प्रतिष्ठा शिक्षा का तात्पर्य है। आधुनिक सन्दर्भ में प्रयुक्त शिक्षा के लिए प्राचीन भारतीय शिक्षा में 'विद्या' शब्द का प्रयोग किया जाता था। विद्या को बृहदारण्यकोपनिषद् में परिभाषित करते हुए कहा है कि महान् की श्वास भूत उत्पन्न ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराणविद्या, उपनिषद्, श्लोक (स्मृति) सूत्र (कल्पादिसूत्र) और उनके अनुव्याख्यान ग्रन्थ ये सभी विद्या के अन्तर्गत आते हैं। इनका ज्ञान प्राप्त करना ही विद्या प्राप्ति है।[1] प्राचीन भारतीय शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। उसके अनुसार विविध शास्त्रों का ज्ञान रखने पर भी व्यक्ति में अन्तर्दृष्टि का विकास नहीं हुआ तो वह मूर्ख है। वास्तव में क्रियावान मनुष्य ही सही अर्थों में शिक्षित है।[2]

भारतीय जीवन दर्शन में मोक्ष परम पुरुषार्थ था, इसीलिए प्राचीन भारतीय शिक्षा का प्रधान उद्देश्य मोक्ष था। कहा भी गया है **'सा विद्या या विमुक्तये'**। शिक्षा का सम्बन्ध जीवन की सम्पूर्णता से एवं उसके भौतिक तथा आध्यात्मिक विस्तार से था। अथर्ववेद में विद्या अथवा शिक्षा तथा उसके परिणाम का उल्लेख किया गया है जिसमें श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, धन, आयु और अमृत्त्व को सम्मिलित किया गया है।[3] शिक्षा भौतिक उपलब्धियों तक ही सीमित न रह कर आत्मचिन्तन का उच्च लक्ष्य निर्धारित करती है, तदुनसार शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य आत्मज्ञान की उपलब्धि है, जिसे केवल पुस्तकीय ज्ञान द्वारा प्राप्त नहीं किया जा सकता। कहा भी गया है -'जो केवल वेद की ऋचाओं को उच्चारण ही करता है, वह अन्तस् में सन्निहित परमात्मतत्त्व को नहीं पहचानता।'[4] बृहदारण्यकोपनिषद् में **'विद्यया देवलोकः'** अर्थात् विद्या से देव लोक की तथा **'कर्मणा पितृलोकः'** अर्थात् कर्म अविद्या से पितृलोक की प्राप्ति होती है। इस निर्देश द्वारा उभय पक्षात्म व्यवहारिक और पारमार्थिक दृष्टि के विकास का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

चरित्र निर्माण भी प्राचीन शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य था। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपनी तामसी और पाश्विक प्रवृत्तियों पर नियन्त्रण रखता था और सद्सत का भेद कर सकने में समर्थ होता था। ब्रह्मचर्य को धारण करने वाला ही तेजोमय ब्रह्म को धारण करने में समर्थ होता था और उसमें समस्त देवता अधिवास करते थे।[5] शिक्षा धर्म को धाराण की शक्ति के साथ-साथ अभ्युदय, श्रेय एवं सिद्धि

को प्रदान करती है तथा भौतिकता, आध्यात्मिकता दोनों का संवर्धन करती है। मनु ने शौच, पवित्रता, आचार, स्नान क्रिया आदि अग्निकार्य और संध्योपासन को ब्रह्मचारी के धर्म के रूप में प्रतिपादित किया है। इसके साथ ही उसे धर्म के पालन में प्रमाद न करने का निर्देश दिया है, जिससे उसके व्यवहार में धर्मनिष्ठा बनी रहे।[6]

शिक्षा का मूल प्रयोजन मानव के तीनों आयामों बुद्धि, मन तथा शरीर को स्वस्थ बनाकर उसे सुसभ्य, सुसंस्कृत तथा विकासोन्मुख बनाना है। मनुष्य में शिक्षा को मात्र लौकिक ही नहीं, अपितु पारलौकिक कल्याणार्थ महत्त्व प्राप्त होने से इसकी प्रासंगिकता अधिक है। शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि स्वाध्याय और प्रवचन करने से मनुष्य का चित्त एकाग्र होता है, वह स्वतन्त्र बनता है, नित्य उसे धन की प्राप्ति होती है, वह सुख से सोता है, उसका इन्द्रियों पर संयम होता है, उसकी प्रज्ञा बढ़ती है, उसे यश मिलता है और वह स्वयं को संसार के अभ्युदय में लगा देता है।[7] गौतम के अनुसार धन, बन्धु, जाति, विद्या तथा आयु आदि तत्त्व मनुष्य को सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदान करते है परन्तु इन तत्त्वों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ज्ञान अथवा विद्या है। ज्ञान के द्वारा ही मनुष्य को स्वास्थ्य तथा अन्य गुण प्राप्त होते हैं।[8] मनु ने भी कहा है कि मनुष्य का महत्व ही तब है, जब वह ज्ञान प्राप्त करता है, ज्ञान ही उसे मानवता प्रदान करता है।[9]

औपचारिक शिक्षा में उपनयन का विशेष महत्त्व है। इसके महत्त्व को बताते हुए सूत्रकार उपनयन संकार को दूसरा जन्म बताते है।[10] उपनयन संस्कार के बाद बालक साधारण से, धार्मिक-दार्शनिक दृष्टिसम्पन्न, असाधारण द्विज बाल के रूप में प्रतिष्ठित होता है। उपनयन संस्कार द्वारा दूसरा जन्म जिससे होता है, वह आचार्य कहलाता है।[11] आचार्य केवल उपनयन संस्कार कराने वाला ही नहीं होता है, अपितु वह परम्परा से वेदाऽध्ययन कर शिष्य को अध्यापन कराने वाला भी होता है।[12] धर्मशास्त्रों के अन्तर्गत विद्या प्राप्ति सम्बन्धित संस्कारों का विषद वर्णन इसके महत्त्व को स्पष्ट रूप से प्रतिपादित करता है। **'विद्यारम्भस्तु कर्त्तव्यो यथोक्ततिथिवासरे'** विद्यारम्भ के लिये दिवस, तिथि आदि का गम्भीरतापूर्वक विचार इसका स्पष्ट प्रमाण है। प्राचीन भारतीय शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक के तीन स्तर प्राप्त होते हैं सर्वोच्च स्तर आचार्य का था, द्वितीय स्तर पर उपाध्याय और तृतीय स्तर पर गुरु को कहा गया है। मनु ने आचार्य को परिभाषित करते हुए कहा है कि जो

उपनयन करके द्विजत्व प्रदान करे और कल्प और रहस्य सहित वेदों का अध्यापन करवाये वही आचार्य है।[13] इसी प्रकार के लक्षण गौतम-गृह्यसूत्र और वसिष्ठ-धर्मसूत्र में भी कहे गए हैं। आचार्य के लक्षण करने के उपरान्त धर्मशास्त्रकारों ने आचार्य, उपाध्याय और गुरु में भेद किया है कि जो एक वेद का सांगोपांग अध्ययन करवाए, वह उपाध्याय कहलाता है।[14] उपाध्याय शिक्षण कार्य वृत्ति अर्थात् जीविकापोर्जन हेतु किया करता था। श्रीगुरुगीता के अनुसार गुरु शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार से की गई है - 'ग' अक्षर सिद्धिदायक कहा गया है और 'र' पाप का हरण करने वाला है। 'उ' अव्यक्त विष्णु ह। इस प्रकार उन तीनों अक्षरों से बना यह शब्द परमगुरु का वाचक है।[15] गुरु के इन्हीं महत्त्व को देखते हुए गौतम धर्मसूत्रकार, पिता, माता, आचार्य इत्यादि गुरुओं में आचार्य को श्रेष्ठ माना है।[16]

विद्यार्थी के पर्याय के रूप में शिष्य, छात्र, अन्तेवासी आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है। विद्यार्थी शब्द 'विद्या' उपपद 'अर्थ' धातु से 'सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये' से 'णिनि' प्रत्यय करने पर बना है[17], जिसका तात्पर्य गुरु को विद्या का धनी समझकर उनसे विनम्रतापूर्वक विद्या की याचना करना है। विद्या के प्रति उत्कट अनुराग और गुरु के प्रति शुश्रूषाभाव विद्यार्थी शब्द के अर्थ को ध्वनित करता है। 'शिष्य' शब्द 'शास्' धातु से 'क्यप्' प्रत्यय करने पर बना है। शिष्य का निर्वचन करते हुए कहा है 'दृ' शासितुं योग्यः शिष्यः। जिसका अर्थ है जिसको शासित किया जा सके। छात्र का निर्वचन करते हुए कहा है - **'गुरोर्दोषाणामावरणं छत्रम्तच्छीलमस्य छात्रः। छत्रादिभ्यो णः।**[18] छात्र उन्हें कहते थे, जो केवल स्वाध्यायरत होकर गुरुजनों के यत्किंचित् दोष पर भी अवराण देकर उनके यश को फैलाता है। अन्तेवासी का निर्वचन किया है - अन्ते गुरुसमीपे वसति तच्छीलः, पूर्ववत् 'णिनि' प्रत्यय। 'शयवासवसिश्वकालात' से अलुक् करने पर अन्तेवासी शब्द बनता है।[19] अन्तेवासी उसे कहा जाता था जो गुरे के समीप रहकर विद्याध्ययन करता था। इसे सर्वदा शका-समाधान का अवसर प्राप्त होता था और निरन्तर शुश्रूषा करने का सुअवसर भी प्राप्त होता था।

भारतीय शिक्षा प्रणाली योग्य शिष्य को ही ज्ञान देने में उत्सुक रहा है। निरुक्त के संहितोपनिषद् में विद्या-ब्राह्मण संवाद के मन्त्रों में शिक्षा स्वयं शिक्षक को निवेदन कर रही है कि जो गुणों में दोषदर्शी, कुटिल स्वभाव वाले और मन आदि

इन्द्रियों को वश में न रखने वाले हों उसे व्यक्ति को मुझे प्रदान नहीं करना।[20] मनुस्मृतिकार ने विद्यार्थियों के कर्तव्यों को और अधिक स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह मधु, माँस, स्त्री प्रसंग आदि से दूर रहे। सभी प्रकार की जीवहिंसा से सर्वथा परे रहे।[21] भाव के महत्त्व को बताते हुए मनुस्मृति विद्यार्थियों के लिए प्रावधान करती है कि उन्हें लौकिक अथवा पारलौकिक किसी भी प्रकार का ज्ञान देने वाले के प्रति सदैव सम्मान का भाव रखना चाहिए।[22]

ब्रह्मचर्य का पालन शिक्षार्थी के लिए अत्यावश्यक था।[23] सदा सत्य बोलना चाहिए।[30] वेदाध्ययन के निमित्त आचार्य के समीप पहुँचे हुए ब्रह्मचारी को, आचार्य की अनुमति प्राप्त होने पर, आचार्य के दाहिनी ओर पूर्व दिश या उत्तर दिशा की ओर मुख कर बैठना चाहिए।[24] वेदाध्ययन के समय सावित्री गायत्री का पठन करना चाहिए।[25] इन सभी प्रक्रियाओं का उद्देश्य ब्रह्मचारी में उन सात्विक भावों का उदय कराना है, जो सीखने के आधार के रूप में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली में शिक्षा प्राप्ति के स्थल के रूप में गुरुकुल का प्रचलन था। गुरुकुल का शाब्दिक अर्थ है गुरु का परिवार अथवा गुरु का वंश। परन्तु यह भारतवर्ष में शिक्षासंस्था के अर्थ में व्यवहृत होता रहा है। गुरुकुल के अतिरिक्त परिषद और तपस्थली भी ज्ञान प्रसार का केन्द्र था। गुरुकुलों के इतिहास में भारत की शिक्षा व्यवस्था और ज्ञानविज्ञान की रक्षा का इतिहास समाहित है। यज्ञ और संस्कारों द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य बालक 6,8 अथवा 11 वर्ष की अवस्थाओं में यज्ञोपवीत, उपनयन अथवा उपवीत कर गुरुकुलों में ले जाए जाते थे और गुरु के पास बैठकर ब्रह्मचारी के रूप में शिक्षा प्राप्त करते थे । गुरु उनके मानस और बौद्धिक संस्कारों को पूर्ण करता हुआ उन्हें सभी शास्त्रों एवं उपयोगी विद्याओं की शिक्षा देता तथा अंत में दीक्षा देकर उन्हें विवाह कर गृहस्थाश्रम के विविध कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए वापस भेजता। यह दीक्षित और समावर्तिक स्नातक ही पूर्ण नागरिक होता और समाज के विभिन्न उत्तरदायित्वों का वहन करता हुआ त्रिवर्ग की प्राप्ति का उपाय करता। स्पष्ट है, भारतीय सभ्यता और संस्कृति के विकास में गुरुकुलों का महत्त्वपूर्ण योगदान था।

गुरुकुल प्रायः गांवों अथवा नगरों के भीतर तथा बाहर दोनों ही स्थानों में चलाए जाते थे। धनी और गरीब सभी योग्य विद्यार्थियों के लिए गुरुकुलों के द्वार

खुले रहते थे। उनके भीतर का जीवन सादा, श्रद्धापूर्ण, भक्तिपरक और त्यागमय होता था। शिष्य गुरु का अंतेवासी होकर (पास रहकर) उसके व्यक्तित्व और आचरण से सीखता। गुरु अन्तर्जगत् में जिज्ञासात्मक सम्प्रश्नों का उत्थानकरता हुआ शास्त्रानुमोदित, परम्परानुमोदित सुतकों के माध्यम से शासत्रीय तत्त्वों का श्रवण-मनन, निदिध्यासन करता हुआ आचरात्मक कर्त्तव्यकर्मों में निष्ठापूर्वक प्रवृत्त रहता। गुरुकुलों में तब तक जाने हुए सभी प्रकार के शास्त्र और विज्ञान पढ़ाए जाते और शिक्षा पूर्ण हो जाने पर गुरु शिष्य की परीक्षा लेता, दीक्षा देता और समावर्तन संस्कार सम्पन्न कर उसे अपने परिवार को भेजता। शिष्यगत चलते समय अपनी शक्ति के अनुसार गुरु को दक्षिणा देते, किन्तु गरीब विद्यार्थी उससे मुक्त भी कर दिए जाते थे।

प्राचीन भारतीय गुरुकुलों में कुलपति हुआ करते थे। कालिदास ने वसिष्ठ तथा कण्व ऋषि को कुलपति की संज्ञा दी है।[26] अध्ययन अध्यापन के प्रधान केन्द्र गुरुकुल में दूर दूर से ब्रह्मचारी विद्यार्थी अथवा बड़े सभी प्रकार के होते थे। स्मृतिवचनों के अनुसार जो ऋषि दस हजार मुनि विद्यार्थियों को अन्नादि द्वारा पोषण करता हुआ उन्हें विद्या पढ़ाता था, उसे ही कुलपति कहते थे।[27] अंतेवासी विद्यार्थी कुलपति के महान विद्या परिवार का सदस्य होता था और उसके मानसिक और बौद्धिक विकास का उत्तरदायित्व कुलपति पर होता था।

प्रातिशाख्य (वेदांग 'शिक्षा' से सम्बन्धित) ग्रंथों में वैदिक शिक्षा पद्धति का विवरण मिलता है। प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत रूप से पढ़ाया जाता था। अर्थात् गुरु एक बार में एक छात्र को पढ़ाता था। छात्र को एक दिन में दो या तीन वैदिक ऋचाएं याद करनी होती थीं। छात्र को गुरु के निर्देश के अनुसार शब्दों का सही उच्चारण करना होता था और ऋचाओं को ठीक उसी ढंग से बोलना या गाना होता था जो परम्परा से चला आता था। लिपि का विकास होने के बाद भी वैदिक मन्त्रों का मौखिक अध्यापन जारी रहा क्योंकि उच्चारण और गायन की मूल परम्परा को मौखिक रूप से ही पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सकता था। याद करके सीखने का तरीका केवल वैदिक संहिताओं के लिए प्रयोग होता था। अन्य शिष्यों को पढ़ाने के लिए व्याख्यान, प्रश्नोत्तर, शास्त्रार्थ इत्यादि का सहारा लिया जाता था। छात्रों की संख्या कम होती थी ताकि गुरु प्रत्येक छात्र पर पर्याप्त ध्यान दे सके।

व्यक्तिगत नैतिकता और अच्छे आचरण पर जोर उपनयन से ही आरम्भ हो जाता था। विद्यार्थियों से आत्म-अनुशासन की अपेक्षा की जाती थी। आत्मानुशासन शिक्षा का अभिन्न अंग था। शिक्षक के परिवार में रहने के कारण छात्रों को पुत्रवत् आचरण करना होता था। गुरु अपने चरित्र और आचरण द्वारा उचित आदर्श छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करता था। इन सभी कारणों से दण्ड अनुशासन के लिए आवश्यक नहीं था। फिर भी मानव प्रकृति के अनुसार छात्र कभी कभी अनुशासन भंग करते थे। इस दिशा में मनु ने गुरु को सलाह दी है कि वह छात्र को समझा बुझाकर सही रास्ते पर लाये। आपस्तम्ब ने कहा है कि गुरु दोषी छात्र को कुछ समय के लिए अपने सामने आने से मना कर सकता है कक्षा से निष्कासन की तरह। गौतम ने गुरु को शिष्य के अनुशासन बिना ताड़न (मार-पीट) के रहने को कहा है।[28] अत्यंत विषम स्थिति में छोटी रस्सी और बांस की पतली छड़ी से अनुशासित करने की बात प्राप्त होती है।[29] गुरु का अन्य प्रकार से शिष्य को ताड़ने पर राजा द्वारा दण्डनीय बताया गया है।[30]

## उपसंहार

इस प्रकार हम कह सकते है कि प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यक्ति के सर्वाङ्गीण विकास में उत्सुक है। शरीर, प्राण, इन्दियों को पुष्ट, प्रबल एवं परिशोधित कर सत्य अनुभूतियों से एकमात्र हुए संकल्प द्वारा शुद्ध भावों का उदय शिक्षा के माध्यम से होता था। मानव को सत्यान्वेषी कर उसके आध्यात्मिक पक्ष को विकसित करना इसकी मुख्य विशेषता रही है। शिक्षा के द्वारा शुद्धाचरण को पर्याप्त महत्त्व दिया गया है, जो विविध संस्कारों के माध्यम से व्यक्ति के जीवन को परिष्कृत करता है। गुरु-शिष्य के मध्य भावनात्मक सम्बन्धों को पुष्ट करने वाली यह शिक्षा व्यवस्था सह नौ यशः के उदात्त भावों को संजोये हुए है, जिसके माध्यम से गुरु-शिष्य अपना सम्वर्द्धन करते हुए लोक कल्याण में सहज प्रवृत्त होते थे।

## सन्दर्भ

1. अस्य महतो भूतस्य.... बृहदारण्यकोपनिषद 4/5/11
2. शास्त्रण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खा....... सुभाषितरत्नभाण्डार, पृ. 40/21
3. अथर्ववेद, 11/3/15 - सम्पा. एस.पी. पंडित, मुम्बई 1855-89
4. ऋग्वेद, 1/164/39
5. अथर्ववेद, 11/5/24

6. मनुस्मृति 2/69
7. शतपथ ब्राह्मण, 11/5/7/1-5
8. गौतम धर्मसूत्र, 1/6/18-19
9. कामान्माता पिता चौनं...... मनुस्मृति 2/147
10. तद द्वितीयं जन्म....... गौतम धर्मसूत्र 1/1/9
11. तद यस्मात् स आचार्यः..... गौतम धर्मसूत्र 1/1/10
12. वेदानुवचनाच्च.......... गौतम धर्मसूत्र 1/1/11
13. उपनीय तु यः शिष्यं..... मनुस्मृति 2/140
14. एकदेशं तु वेदस्य....... मनुस्मृति 2/141
15. गकार सिद्धिदः प्रोक्तो........ श्रीगुरुगीता-18
16. आचार्यः श्रेष्ठो गुरुणां........गौतम धर्मसूत्र 1/2/56
17. अष्टाध्यायी 3/2/78
18. अष्टाध्यायी 4/4/62
19. अष्टाध्यायी 6/3/18
20. विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय माष्वेघिष्टैऽहमस्मि
21. वर्जयेन्मधु माँस........ मनुस्मृति 1/2/19
22. लौकिकं वैदिकं वापि....... मनुस्मृति 2/117
23. उक्तं ब्रह्मचर्यम गौतम धर्मसूत्र 1/2/11
24. सत्यवचनं गौतम धर्मसूत्र 1/2/11
25. अनुज्ञात उपविशेत....... गौतम धर्मसूत्र 1/1/55
26. सावित्री चाऽनुवचनम गौतम धर्मसूत्र 1/1/56
27. रघुवंश, प्रथम 85 तथा अभिज्ञानशाकुंतलम् , प्रथम अंक
28. 'मुनीनां दशसाहस्त्रं.......... विष्णुधर्मसूत्र, केशववैजयन्ती व्याख्या-28/1
29. शिष्यशिष्टिरवधेन......... गौतम धर्मसूत्र 1/2/48
30. अशक्तौ रज्जु........ गौतम धर्मसूत्र 1/2/49
31. अशक्तौ रज्जु........ गौतम धर्मसूत्र 1/2/49

●●

# नैषधीयचरितम् में सांख्यदर्शन

**डॉ. सुजाता शाण्डिल्य***

नैषधीयचरितम् महाकाव्य में उपलब्ध सांख्यदर्शन का विवेचन करने से पूर्व 'दर्शन' शब्द का अर्थ स्पष्ट करना आवश्यक है।

'दृशिर' ज्ञाने धातु से करण अर्थ में 'ल्युट्' प्रत्यय करने पर 'दर्शन' शब्द निष्पन्न होता है अर्थात् जिससे ज्ञान प्राप्त होता है' दर्शन शब्द की एक व्युक्तपत्ति और मिलती है - 'दृश्यते अनेन इति दर्शनम्' अर्थात् जिसके द्वारा सम्यक् रूप से देखा जाय वही दर्शन है। दर्शन के विषय में मनु ने भी कहा है - ''जो व्यक्ति दर्शन के सम्यक् ज्ञान से सम्पन्न रहता है। वह कर्म जाल में नहीं फंसता और जो दर्शन से विहीन है अर्थात् जिसे दर्शन का सम्यक् ज्ञान नहीं होता। वह संसार को प्राप्त होता है अर्थात् संसार के महाजाल में फस जाता है।

**सम्यक् दर्शन सम्पन्नः कर्मभिनं विबद्वयते।**
**दर्शननेन विहीनस्तु संसार प्रतिपाद्यते।।**[1]

दर्शन शब्द के बाद अब सांख्य शब्द का अर्थ स्पष्ट करते है। यह सांख्य शब्द यौगिक है। कदाचित् इसका प्रयोग नियम के रूप से तथा कदाचित् सांख्य के विषय के रूप में वर्णितहै। वस्तुतः इसकी तीन प्रकार की व्याख्या उपलब्ध होती है - ज्ञान के अर्थ में, गणना के अर्थ में तथा दोनों के अर्थ में। इनमें से ज्ञानार्थक सांख्य शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक 'चक्षिङ्' व्यक्तायां वाचि धातु से 'अङ्' प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है। अतः सम्यक् ख्यानं ज्ञानं संख्या है। संख्या ही सांख्य, जो प्रकृति

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत साहित्य), श्री पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

और पुरुष का विवेक ज्ञान है । अमरकोष में कहा गया है कि -

**संख्यावान् पण्डितः कविः।**[2]

**चर्चा संख विचारणे।**[3]

श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है कि -

**ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् ।**[4]

सांख्य शब्द संबंध तत्त्वों की संख्या से है, क्योंकि सांख्य दर्शन में पच्चीस तत्त्वों की गणना की गयी है। सांख्य दर्शन कारण और कार्य में अनिवार्य संबंध मानता है। अर्थात् कारण से ही कार्य उत्पत्ति सम्भव है और कारण के अभाव में कार्य की उत्पत्ति असम्भव है। कार्यकारण के विषय में सांख्य के इस सिद्धान्त को सत्कार्यवाद के नाम से अविहित किया जाता है।

सांख्य दर्शन सत्कार्यवादी है जो यह मानता है कि यह सत् कार्य अपनी उत्पत्ति के पूर्व भी कारण में सत् था। अतः यह कहा जा सकता है कि कारण से कार्य की उत्पत्ति का अर्थ सत् कारण से सत् कार्य का आर्विभाव है। यदि कार्य अपने कारण में पहले से नहीं रहता तो इसका आविर्भाव सम्भव नहीं होता। उदाहरणार्थ देखा जा सकता है कि यदि तिल के कणों में तेल पहले से विद्यमान नहीं रहता तो तिल से तेल पैदा ही न होता। यही सांख्य दर्शन का सत्कार्यवाद है। **'सतः सज्जायते'** अर्थात् कोई भी कार्य अपने कारण में सत् स्वरूप से रहता है, वह कारण कार्य को उत्पन्न नहीं करता; अपितु अभिव्यक्तमात्र करता है। यही सत्कार्यवाद है। यह सत्कार्यवाद सांख्यदर्शन का प्रमुख सिद्धान्त है। सांख्य दर्शन में प्रकृति और पुरुष का विशेष महत्व है। सांख्यकारिका में ईश्वर कृष्ण ने सत्कार्यवाद के पक्ष में पांच हेतु का उल्लेख किया है। उनके अनुसार कारण व्यापार के पूर्व भी कार्य अवस्थित रहता है । क्योंकि -

1. असत् या अविद्यमान रहने की स्थिति में कार्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती।
2. उसके उपादान कारण का ग्रहण अवश्य करना पड़ता है अर्थात् कार्य अपने उपादान कारण से नियत रूप से सम्बन्ध होता है।
3. सभी कार्य सभी कारण से उत्पन्न नहीं हो सकते।
4. जो कारण जिस कार्य को उत्पन्न करने में समर्थ है उससे उसी कार्य की उत्पत्ति होती है। एवं

5. कार्य कारणात्मक अर्थात् कारण से अभिन्न या उसी के स्वरूप का होता है।

**असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावत् ।**

**शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम् ।।**[5]

आचार्य वाचस्पति मिश्र ने भी अपनी टीका सांख्यतत्त्वकौमुदी में सत्कार्यवाद को प्रमाणित बताते हुए बताया 'कार्य कारण' व्यापार के पूर्व उपादान कारण में अवस्थित रहता है यह प्रमाणसिद्ध है। महाकवि श्री हर्ष ने नैषधमहाकाव्य में सांख्य शास्त्र के प्रसिद्ध सिद्धान्त सत्कार्यवाद का प्रमुखता से वर्णन किया है। सत्कार्यवाद का सम्बन्ध कार्य और कारण से है। कारण ही जिसमें उत्पत्ति से पूर्व कार्य उपस्थित रहता है तथा वह कार्य के रूप में प्रगट होता हैं। नैषधमहाकाव्य में इसका उल्लेख इन्द्रादि दिक्पालों के सम्बन्ध में मिलता है। नैषध के पांचवे सर्ग में -

**नाऽस्ति जन्यजनकव्यतिभेदः' सत्यमन्नजनितो जनदेहः।**

**वीक्ष्य वः खलु तनूममृताऽदां दृङ् निमज्जनमुपैति सुधायाम्।।**[6]

राज नल कहते है - हे देवगण ! कार्य और कारण में विशेष भेद नहीं है। मनुष्य का शरीर अन्न से उत्पन्न होता है, यह सत्य है। अमृत खाने वाले आप लोगों का शरीर देखकर मेरे नेत्र अमृत में निमग्न हो जाते है। अर्थात् सुधा में स्नान करने से जो मिलता है ठीक उसी प्रकार इन्द्रादि दिक्पालों को देखने से मिल रहा है। अतः यहां अमृत कारण तथा उन इन्द्रादि का शरीर अमृत भक्षण करके उत्पन्न होने से कार्य है। अतः अमृतमयी शरीर के देखने से ही अमृतदर्शन के समान आनन्द होना स्वाभाविक है।

सत्कार्यवा द के ही सन्दर्भ में महाकवि श्रीहर्ष परशुरामवतार के प्रसंग में नैषध में उद्धृत करते हुए लिखा है कि - परशुराम के अवतारों की स्तुति करते हुए राजा नल कहते है कि सृष्टि की रचना के समय ब्रह्म रूप में रहने के कारण ही तुम्हारे दोनों भुजाओं से क्षत्रियों की उत्पत्ति हुई थी तथा इन्हीं दोनों बाहुओं ने क्षत्रिय जाति का नाश किया ।

**क्षत्रजातिरूदियाय भुजाभ्यां या तदैव भुवनं सृजतः प्राक् ।**

**जामदग्न्यवपुषस्तव तस्यास्तौ लयार्थमुचितौ विजयेताम् ।।**[7]

यह भी किवदन्ती है कि प्रजापति (ब्रह्मा) का मुख-ब्राह्मण, भुजा-क्षत्रिय जांघे-वैश्य तथा पैरों से शुद्ध की उत्पत्ति हुई है। तात्पर्य यह है कि ''ब्राह्मणोऽस्य

मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। उरू तदस्य यद्वैश्यः पदभ्यां शूद्रो अजायत।'' इससे स्पष्ट है कि क्षत्रिय-जाति की उत्पत्ति का कारण ब्रह्मा की भुजाएं है। परशुराम के अवतार की बाहुओं से किया। यह कार्य निश्चित ही था क्योंकि कारण में ही कार्य का लय होता है। सांख्य सिद्धान्त के अनुसार कार्य कारण में ही विद्यमान होता है **''नाशः कारण लयः''** कारण में कार्य का लय होना ही नाश है। 'भरतमुनि' ने भी इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है। 'महाभारत' में भी कहा गया है कि अपनी-अपनी उत्पत्ति के कारण में सभी का शमन निश्चित है इससे भी भुजाओं से क्षत्रियजाति के लय का औचित्य प्रतिपादित होता है। जाति को नित्य भी माना जाता है। इस प्रकार की मान्यता के अनुसार 'उत्पत्ति विनाश' संगत नहीं दिखाई पड़ते है। इसके परिहार में यह कहकर समाधान करते है कि उदय लय का तात्पर्य ''आविर्भाव-तिरोभाव'' मान कर औचित्य उपयुक्त प्रमाणित हो जाता है।

नैषधीयचरितम् में दमयन्ती के पूजन के रूप में पुनः सत्कार्यवाद के सिद्धान्त को श्रीहर्ष स्पष्ट करते है - ''दमयन्ती ने देव-पूजन के बाद एकाग्रचित होकर हृदय-कमल रूप आवास में इन इन्द्रादि देवों को बुद्धि के द्वारा स्थापित कर पुनः ध्यान से साक्षात्कार किया।

**हृत्पद्मसद्मन्यधिवास्य बुद्धया दध्यावथैतानियमेकताना।**
**सुपर्वणां हि स्फुटभावना या सा पूर्वरूपं फलभावनायाः॥**[8]

क्योंकि इन्द्रादि देवों की जो स्पष्ट भावना है वह कार्यसिद्धि का पूर्वरूप है।

कार्य के पहले कारण का होना अति आवश्यक होने से यहां पर देवों के साक्षात्कार का समस्त कार्यों के प्रति कारण होने से पहले कारण सामग्री रूप देव की प्रत्यक्षता को ध्यान सें किया। अर्थात् सांख्यसिद्धान्त के अनुसार कार्य के पहले कारण का होना आवश्यक होने से दमयन्ती ने यहां पर ध्यानादि के द्वारा एकाग्रचित्त होकर इन्द्रादि देवों का साक्षात्कार किया तथा उसी ध्यान के द्वारा उसके देवों का साक्षात्कार हुआ।

प्रशस्त टीकाकार मल्लिनाथ ने अपनी टीका में स्पष्ट किया है - सर्वगतानामपि देवानां हृदये बुद्धया। समारोपितं रूपध्यानेन साक्षाद् कृतेति यावत् । हि यस्मात्सुपर्वणां देवानां या स्फुटा भावनां ध्यान बलेन प्रत्यक्षता सा फलभावनायः कार्यसिद्धे पूर्वरूपं प्रथमं स्वरूपम् । कारणस्य कार्यपेक्षया नियतप्राग्भा वित्वाछवानां

प्रत्यक्षतायाः कार्यमात्र प्रतिकारणत्वात्कार्यकारणसामग्री रूपां देवतां प्रत्यक्षतां ध्यानेनाकृतेत्यर्थः।

आचार्य मल्लिनाथ ने भी श्रीहर्ष के इसी आशय को स्पष्ट किया है। इससे यह पता चलता है कि महाकवि श्रीहर्ष ने नैषध में सांख्यकारिका के सत्कार्यवाद को अधिक बल देते हुए उसी सिद्धान्त का वर्णन अपने पद्यों में किया है।

## सन्दर्भ

1. मनुस्मृति, 6/47
2. अमरकोष, 2/7/5
3. अमरकोष, 1/5/2
4. श्रीमद्भगवद्गीता, 3/3
5. सांख्यकारिका, 9
6. नैषधीयचरितम्, 5/94
7. नैषधीयचरितम्, 21/63
8. नैषधीयचरितम्, 14/6

●●

UGC - CARE Listed
मई-जुलाई, 2021

**पाणिनीया**
Vol. XXVIII, Year VIII

# भारतीय परम्परा में शिक्षा सम्बन्धी संस्कार

**डॉ. प्रवीण कुमार तिवारी***

**सारांश**

प्राचीन भारतीय समाज व संस्कृति का प्राणतत्त्व संस्कार हैं । गर्भावस्था से लेकर मृत्युपर्यन्त भारतीय जनमानस के सम्पूर्ण जीवन का परिष्करण संस्कारों के माध्यम से निरन्तर होता था। भारतीय परम्परा में 'संस्कार' अभ्युदय और निःश्रेयस, विद्या और अविद्या, परा विद्या और अपरा विद्या, लोक और शास्त्र, इहलोक और परलोक आदि की सिद्धि और पुरुषार्थ चतुष्टय की उपलब्धि का मार्ग है । मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, विष्णुस्मृति, व्यासस्मृति, श्रीजातूकर्ण्यस्मृति, मार्कण्डेय आदि ने सोलह, महर्षि अंगिरा ने पच्चीस, जिनसेन ने महापुराण में 108, वैखानस धर्मसूत्र ने अठारह, नारदपरिव्राजकोपनिषद ने चौवालीस, संन्यासोपनिषद् तथा गौतम धर्मसूत्र ने चालीस संस्कारों का वर्णन किया है । यद्यपि सभी संस्कार प्रकारान्तर से शिक्षा से संबंधित हैं, तथापि स्पष्टतया अक्षरारम्भ संस्कार, व्रतादेश अथवा उपनयन संस्कार, वेदारम्भ अथवा विद्यारंभ संस्कार तथा स्नान अथवा समावर्तन/दीक्षान्त संस्कार, शिक्षा सम्बन्धी संस्कार के रूप में प्रतिष्ठित हैं । वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षा सम्बन्धी संस्कारों के विविध पक्ष अत्यंत अनुकरणीय हैं। प्रस्तुत लेख में इन्हीं विषयों का विस्तार है।

**की-वर्ड्स** : भारतीय परम्परा, संस्कार, शिक्षा सम्बन्धी संस्कार, अक्षराम्भ, उपनयन, विद्यारम्भ, समावर्तन, दीक्षान्त।

भारतीय परम्परा आधारित सम्पूर्ण जीवन संस्कार प्रधान रहा है। अत एव परम्परागत शिक्षा भी संस्कार प्रधान रही है। विद्यार्जन स्वयं में एक संस्कार रहा और सभी संस्कारों का

*सह आचार्य, शिक्षा विभाग, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उत्तरप्रदेश - 43006

मूल भी रहा। अतः शिक्षा, विद्या व ज्ञान आदि विषयों पर चिन्तन करते समय स्वाभाविक रूप से संस्कारों पर चिन्तन करना आवश्यक हो जाता है। यद्यपि सभी संस्कार परस्पर जुड़े होने के कारण मूलतः शिक्षा सम्बन्धी संस्कार ही हैं तथापि कुछ संस्कार विशेष रूप से शिक्षा की प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं । यहाँ सभी संस्कारों की नामग्रहण चर्चा के साथ शिक्षा सम्बन्धी संस्कारों को विशेष रूप से उद्धृत किया जा रहा है।

संस्करण की प्रक्रिया का बोधक एवं संस्करण को धारण करने की स्थिति का नाम ही 'संस्कार' है। 'सम्' उपसर्ग से 'कृञ्' धातु को 'घञ्' प्रत्यय और 'सम्परिभ्यां' करोतौ भूषणे[1] सूत्र के माध्यम से भूषण अर्थ में 'सुट्' करने पर 'संस्कार' शब्द बनता है जिसका अर्थ है – संस्करण, परिष्करण, विमलीकरण या विशुद्धिकरण आदि । महर्षि जैमिनि के सूत्र 'द्रव्यगुणसंस्कारेषु बादरिः[2] सूत्र के भाष्य में श्रीशबरपाद ने संस्कार को परिभाषित करते हुए कहा है – 'संस्कारो नाम स भवति यस्मिञ्जाते पदार्थो भवति योग्यः कस्यचिदर्थस्य[3] अर्थात् संस्कार वह होता है, जिसके उत्पन्न होने पर पदार्थ किसी प्रयोजन के योग्य होता है । तंत्रतार्किकार श्रीभट्टपाद का मत है – ''योग्यताञ्चादधानाः क्रियाः संस्कारा इत्युच्यन्ते[4] अर्थात् संस्कार वे क्रियाएँ तथा रीतियाँ हैं, जो योग्यता प्रदान करती हैं। इस प्रकार जीवन के विविध संस्कार वे प्रक्रियाएँ हैं जिनके माध्यम से व्यक्ति परिष्कृत होकर योग्यता धारण करता है।

संस्कार चाहे पदार्थ का हो या व्यक्ति का उसके तीन प्रभेद हैं[5] - मलापनयन, हीनांगपूर्ति और अतिशयाधान । उदाहरणस्वरूप, स्वर्ण अयस्क को पिघलाकर उसमें विद्यमान अन्य विजातीय तत्त्वों को दूर कर उसे निर्मल बनाने की प्रक्रिया मलापयन है; आभूषण के रूप में उस स्वर्ण को गढ़ने हेतु उसमें स्थिरता प्रदान करने के लिए अल्प मात्रा में ताम्र का संनिवेश हीनांगपूर्ति है; और उसे आभूषण रूप में गढ़ने के साथ जगह-जगह हीरे, माणिक्य, मोती आदि से उसे सुसज्जित करना अतिशयाधान है (पाणिनि काशिकावृत्ति) । बालक के संस्कार की प्रक्रिया में भी इन तीनों प्रभेदों की उपस्थिति है। वेदान्त सूत्र का भाष्य करते हुए आचार्य शंकर कहते हैं – ''संस्कारो हि नाम गुणाधानेन वा स्याद् दोषापनयनेन वा[6] '' अर्थात् संस्कारों द्वारा गुणों का आधान किया जाता है और दोषों को दूर किया जाता है। महर्षि याज्ञवल्क्य का मत है - ''एवमेनः क्षयं याति बीजगर्भसमुद्भवं[7] '' अर्थात् संस्कारों द्वारा बीजगर्भ से उत्पन्न होने वाले दोष दूर हो जाते हैं।

महर्षि व्यास के अनुसार सोलह संस्कार इस प्रकार हैं - 1. गर्भाधान 2. पुंसवन 3. सीमन्तोन्नयन 4. जातकर्म 5. नामकरण 6. निष्क्रमण 7. अन्नप्राशन 8. वपन (चूड़ाकर्म) 9. कर्णवेध 10. उपनयन 11. वेदारम्भ 12. केशान्त 13. स्नान (समावर्तन) 14. विवाह

15. विवाहाग्निपरिग्रह (आवसथ्याधान) और 16. त्रेताग्निसंग्रह।

**गर्भाधानं पुंसवनं सीमंतो जातकर्म च।**

**नामक्रियानिष्क्रमणेअन्नाशनं वपनक्रियाः ।।**

**कर्णवेधो व्रतादेशो वेदारंभक्रियाविधिः।**

**केशांत स्नानमुद्वाहो विवाहाग्निपरिग्रहः ।।**

**त्रैताग्निसंग्रहश्चेति संस्काराः षोडश स्मृताः ।।**[8]

### शिक्षा सम्बन्धी संस्कार

यद्यपि सभी संस्कार प्रकारान्तर से शिक्षा से सम्बन्धित हैं, तथापि स्पष्ट रूप से अक्षरारम्भ संस्कार, व्रतादेश अथवा उपनयन संस्कार, वेदारम्भ अथवा विद्यारम्भ संस्कार तथा स्नान अथवा समावर्तन या दीक्षान्त संस्कार, शिक्षा सम्बन्धी संस्कार के रूप में प्रतिष्ठित हैं। यहाँ इन संस्कारों के सम्बन्ध में विशेष रूप से चर्चा करना समीचीन होगा। ये संस्कार निम्नवत हैं :-

### I. अक्षरारम्भ संस्कार

गौतमधर्मसूत्र के एक पाठभेद (जिसमें संस्कारों के कुछ नाम परिवर्तित हैं) में शिक्षा से सम्बन्धित एक प्रमुख संस्कार 'अक्षरारम्भ' का सन्दर्भ उपनयन के पूर्व के संस्कार के रूप में प्राप्त होता है। विद्यार्थी के गुरुकुल जाने से पूर्व घर पर ही अक्षरों व लिपि का ज्ञान प्राप्त करने के कई सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। उपनयन से पूर्व अक्षर व लिपि का अभ्यास प्रारम्भ करने से सम्बन्धित संस्कार ही अक्षरारम्भ संस्कार कहा जाता था।

कौटिल्य ने भी अर्थशास्त्र में लिखा है कि चौल या चूड़ाकर्म संस्कार के उपरान्त राजकुमारों को लिपि का ज्ञान कराना चाहिए। तदन्तर उपनयन संस्कार हो जाने पर त्रयी, आन्वीक्षिकी, वार्ता और दण्डनीति की शिक्षा प्रारम्भ करनी चाहिए -

**वृत्तचौलकर्मा लिपिं संख्यानं चोपयुञ्जीत। वृत्तोपनयनस्त्रयीमान्वीक्षिकीञ्च शिष्टेभ्यो वार्ताध्यक्षेभ्यो दण्डनीतिं वक्तृप्रवक्तृभ्यः ।।**[9]

### II. व्रतादेश अथवा उपनयन संस्कार

भारतीय परम्परा में उपनयन संस्कार अत्यन्त ही महत्वपूर्ण संस्कार है। उपनयन के लिए व्रतादेश, उपनय, उपानय, मौंजीबन्धन, वटूकरण, यज्ञोपवीत आदि कई पद प्रयुक्त होते थे। बालक की वास्तविक शिक्षा उपनयन संस्कार से ही प्रारम्भ होती थी। योग्य आयु हो जाने के उपरान्त माता-पिता अथवा अभिभावक बालक को आचार्य के समीप ले आते थे अथवा बालक स्वयं आचार्य के समीप जाता था। आचार्य शिष्य का उपनयन कर गुरुकुल में प्रवेश देता था। उपनयन पद की निष्पत्ति 'उप' उपसर्ग पूर्वक 'णीञ्' धातु से प्रापणे अर्थ में हुई है।

इसका अर्थ है 'समीप ले आना'। प्राचीन समय में शिक्षा का प्रारम्भ वेदाध्ययन से ही होता था। अतः वेदाध्ययन के लिए बालक को आचार्य के समीप लाने को ही उपनयन कहा गया था –

**वेदाध्ययनमाचार्यसमीपे नयनमुपनयनं तदेवोपायनमित्युक्तं छन्दोऽनुरोधात् ।। तदर्थं वा कर्म ।।**[10]

अथर्ववेद के अनुसार आचार्य शिष्य को उपनयन संस्कार के साथ मानसिक गर्भ में धारण करता है और तीन रात्रियों तक अपने मानसिक उदर में रख कर उसका पोषण करता है और चौथे दिन उसको जन्म प्रदान करता है।

महर्षि वशिष्ठ का मत है कि जब शिशु का जन्म होता है, तो वह शूद्र ही होता है। उपनयन के बाद द्विज कहा जाता है। जब तक मौंजीबन्धन नहीं होता, तब तक बालक के आचरण पर कोई प्रतिबंध या नियंत्रण नहीं होता है। जब तक वह वेदाध्ययन प्रारम्भ नहीं करता, तब तक वह शूद्र तुल्य है -

**न ह्यस्य विद्यते कर्म किंचिदामौंजिबन्धनात्।**
**वृत्त्या शूद्रसमो ज्ञेयो यावद् वेदे न जायते।।**[11]

इससे थोड़ा भिन्न अत्रि स्मृति में एक संदर्भ प्राप्त होता है -

**जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः संस्कारैर्द्विज उच्यते।**
**विद्यया याति विप्रत्वं त्रिभिः श्रोत्रिय उच्यते।।**[12]

अर्थात् जन्म से शिशु ब्राह्मण जाना जाता है, संस्कार (यज्ञोपवीत) से वह द्विज बनता है, विद्या अर्जित कर वह विप्रत्व प्राप्त करता है और इन तीनों से वह श्रोत्रिय कहलाता है।

महर्षि गौतम का मत है कि उपनयन से पूर्व बालक को स्वेच्छानुसार आचरण करने की स्वतंत्रता है। वह इच्छानुसार व्यवहार कर सकता है, बोल सकता है और खा सकता है। उसको लघुशंका व शौच का भी कोई बन्धन नहीं है। परन्तु वह वेदमंत्रों का उच्चारण नहीं कर सकता।[13]

अथर्ववेद में कन्याओं के ब्रह्मचर्य पालन करने और ब्रह्मचर्य द्वारा पति को प्राप्त करने का उपदेश दिया गया है - ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विंदते पतिम्[14]। इससे स्पष्ट है कि बालिकाएँ भी उपनयन के उपरान्त ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए विद्याध्ययन करती थीं और तदन्तर विवाह करती थीं।

उपनयन के समय आचार्य द्वारा ब्रह्मचारी हेतु विशेष वस्त्र, बाह्यस्वरूप और वेशभूषा निर्धारित किया गया था। उपनयन के उपरान्त धारण किए गए इन्हीं बाह्य परिच्छदों से ब्रह्मचारी की पहचान होती थी। सामान्यतः निम्नलिखित परिच्छद ब्रह्मचारी धारण करते थे :

**(1) वस्त्र**

ब्रह्मचारी के लिए विशेष वस्त्रों की व्यवस्था थी। सामान्यतः ब्रह्मचारी दो वस्त्र पहनते थे, उत्तरीय और अधोवस्त्र। यह वस्त्र मृग या भेड़ के चर्म के तथा सन, रेशम या कपास के सूत के होते थे। सामान्यतः उत्तरीय चर्म का बना होता था।

अधोवस्त्र को वास भी कहा जाता था। इस वस्त्र को सन, अतसी के तंतु, दर्भ, ऊन अथवा कपास से बनाया जाता था।

**(2) मेखला**

उपनयन के अवसर पर विद्यार्थी को मेखला पहनाई जाती थी जिसे कटिप्रदेश में बाँधा जाता था। यह सामान्यतः मूँज की बनी होती थी।

**(3) दण्ड**

ब्रह्मचारी को दण्ड धारण करना भी अनिवार्य था। दण्ड किस काष्ठ का हो इन विषय में कई मत हैं। महर्षि गौतम के अनुसार ब्राह्मण छात्र को पलाश अथवा बिल्व का तथा अन्य वर्णों को अश्वत्थ अथवा पीलु काष्ठ का दण्ड धारण करना चाहिए। ये दण्ड ऊपर के सिरे पर मुड़े हुए तथा छाल से मुक्त होने चाहिए। दण्ड को छात्र के मस्तक अथवा नासिका तक ऊँचा होना चाहिए।[15]

**(4) अक्षवलय**

जप विद्यार्थी के जीवन का दैनिक अनिवार्य अंग था। अतः जप के लिए अक्षवलय (जपमाला) रखना आवश्यक था। सामान्यतः अक्षवलय के रूप में धागे में पिराए गए रुद्राक्ष के दाने होते थे।

**(5) यज्ञोपवीत**

ब्रह्मचारी के लिए यज्ञोपवीत धारण करना अनिवार्य था। सामान्यतः यज्ञोपवीत कपास के धागों से बनाया जाता था, परन्तु सुविधानुसार इसे क्षौम, अतसी अथवा ऊन से भी बनाया जा सकता था। ब्राह्मण छात्र के लिए कपास के, क्षत्रिय के लिए रेशम के और वैश्य के लिए ऊन के यज्ञोपवीत का भी वर्णन मिलता है।

**(6) केश-विन्यास**

ब्रह्मचारियों के लिए तीन प्रकार के केश-विन्यास का वर्णन मिलता है। प्रथम सिर को बिल्कुल मुंडवा देना; दूसरा सिर के मध्य में मोटी शिखा रखकर शेष सिर को बिलकुल मुंडवा देना; और तीसरा केशों को विशेष विधि से बाँध दिया जाना।

**गायत्री मंत्रोपदेश**

आचार्य ब्रह्मचारी को **'गायत्री मंत्र का उपदेश'** देते थे। उपनयन में एक और

प्रक्रिया 'अश्मारोहण' के रूप थी। इसमें ब्रह्मचारी को एक विशेष पाषण-शिला पर खड़ा कर आचार्य उपदेश देते थे। इस प्रक्रिया का भाव यह था कि ब्रह्मचारी अध्ययन व व्रतपालन में पाषण शिला के समान अटल और स्थिर रहे।[16] तदन्तर आचार्य ब्रह्मचारी को भिक्षाचर्या का उपदेश देता था।

### III. वेदारम्भ अथवा विद्यारम्भ संस्कार

उपनयन संस्कार के बाद ब्रह्मचारी को गुरुकुल में निवास करने का अधिकार प्राप्त हो जाता था। इसके बाद ब्रह्मचारी की वास्तविक शिक्षा प्रारम्भ करने के अवसर पर वेदारम्भ या विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न किया जाता था। प्राचीन समय में प्रायः वेदारम्भ संस्कार श्रावण मास की पूर्णिमा को किया जाता था। इसी कारण से वेदारम्भ संस्कार को श्रावणी उपाकर्म भी कहा गया।[17] श्रावण मास से ही वार्षिक सत्र का प्रारम्भ होता था। इस दिन नव प्रविष्ट ब्रह्मचारियों का वेदारम्भ संस्कार सम्पन्न किया जाता था। आचार्य ब्रह्मचारी को तीन चरणों में सावित्री मंत्र का उपदेश देते थे। आचार्य एक-एक पद का शुद्ध उच्चारण बालक से कराकर इस मंत्र का स्मरण कराते थे। इसके बाद आचार्य ब्रह्मचारी को गुरुकुल में रहने के नियमों व ब्रह्मचर्य के पालन का उपदेश देते थे। आचार्य से उपदेश को प्राप्त कर ब्रह्मचारी साङ्गोपाङ्ग वेद का अध्ययन प्रारम्भ करता था।

### IV. समावर्तन अथवा दीक्षान्त संस्कार

शिक्षा के पूर्ण होने पर तथा ब्रह्मचारी को अपने गृह भेजने से पूर्व आचार्य द्वारा समावर्तन संस्कार का आयोजन किया जाता था। इसे दीक्षान्त संस्कार भी कहा जाता था। प्राचीन भारत के विद्यापीठों में समावर्तन संस्कार का विधिवत आयोजन किया जाता था, जिसमें गुरुकुल के बाहर के भी कई विद्वतजनों, श्रेष्ठजनों व विद्यार्थी के माता-पिता व अभिभावकों को भी बुलाया जाता था। यह समावर्तन संस्कार वैसे विद्यार्थियों को दिया जाता था, जो विद्यार्जन का कार्य पूर्ण कर लेते थे और समाज में अपनी भूमिका निभाने के लिए परिपक्व हो जाते थे। यह सनातन परम्परा में वर्णित सर्वाधिक महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक था। इसी समावर्तन संस्कार की प्रक्रिया के रूप में दीक्षान्त समारोह आयोजित किए जाते थे। दीक्षान्त का अर्थ होता है दीक्षा की समाप्ति। समावर्तन संस्कार के उपरान्त ब्रह्मचारी को स्नातक की उपाधि प्रदान की जाती थी।

परम्परा में तीन प्रकार के स्नातकों का वर्णन मिलता है - विद्यास्नातक, व्रतस्नातक और विद्याव्रतस्नातक।

परम्परा में स्नातक होने वाले ब्रह्मचारी को विशिष्ट सुगंधित जलों से स्नान कराकर विशेष प्रसाधन भी किया जाता था। इसी कारण से उन्हें स्नातक कहा जाता था। दीक्षान्त के लिए शुभ दिन निश्चित किया जाता था। ब्रह्मचारी को क्षौर कर्म करा कर, सुसज्जित होकर, नए

वस्त्र पहनकर तैयार रहने के लिए कहा जाता था। दीक्षान्त प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रातः काल से ही संध्या तक एक कमरे में बंद रहने के लिए कहा जाता था। इसका अर्थ था कि स्नातक सूर्य से भी अधिक तेजस्वी एवं देदीप्यमान है। अतः सूर्य को अपमान से बचाने के लिए यह क्रिया की जाती थी।[18] तदुपरान्त आचार्य शिष्य को मधुपर्क देकर दीक्षान्त उपदेश देता था।

समावर्तन के समय गुरु दक्षिणा देने का भी विधान था। मनु का कथन है कि विद्याध्ययन के समय विद्यार्थी गुरु के लिए कुछ न दे, परन्तु स्नातक होते समय गुरु के लिए अभीष्ट वस्तु यथाशक्ति लाकर भेंट दे -

**न पूर्वं गुरवे किंचिदुपकुर्वीत धर्मवित्।**

**स्नास्यंस्तु गुरुणाऽऽज्ञप्तः शक्त्या गुर्वर्थमाहरेत्।।**[19]

तैत्तिरीय उपनिषद् में दीक्षान्त उपदेश का व्यापक उल्लेख मिलता है। तैत्तरीय उपनिषद् अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्राचीनतम दस उपनिषदों में से एक है। यह कृष्ण यजुर्वेदीय तैत्तरीय आरण्यक का 7वाँ, 8वाँ तथा 9वाँ प्रपाठक है। यह उपनिषद् तीन खण्डों शीक्षावल्ली, ब्रह्मानन्दवल्ली और भृगुवल्ली में विभक्त है। इनमें से शीक्षावल्ली में ही दीक्षान्त व दीक्षोपदेश का वर्णन है। शीक्षावल्ली में 12 अनुवाक और 25 मंत्र हैं। इसे को सांहिती उपनिषद् भी कहा जाता है। दीक्षोपदेश इसी शिक्षावल्ली का एक अंश है।

तैत्तिरीयोपनिषद में विद्यार्थियों को दिया गया दीक्षान्त उपदेश उन्हें निरन्तर यह प्रेरणा प्रदान करता है कि वे विनयशील, विवेकी, अप्रमादी और सत्य व धर्म का अनुसरण करने वाला बनें। यह उपदेश निश्चय ही एक बेहतर समाज की रचना के लिए हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। (तैत्तरीय उपनिषद, शीक्षावल्ली, एकादश अनुवाक 1-4)

**वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षा सम्बन्धी संस्कार के कुछ अनुकरणीय पक्ष**

भारतीय परम्परा में संस्कार सीधे तौर पर शिक्षा की प्रक्रिया से सम्बद्ध थे। परन्तु आज संस्कारों को धार्मिक कर्मकांडों की संज्ञा देकर शिक्षा की प्रक्रिया से दूर कर दिया गया है। भारतीय परम्परा में एक श्रेष्ठ व्यक्तित्व के निर्माण हेतु संस्कारों की महत्ता स्वयं सिद्ध है; यही कारण है कि आज कुछ शिक्षण संस्थान गर्भावस्था से ही संस्कार देकर बालक-बालिकाओं के विकास का वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं। आज के इस दौर में संस्कार सम्बन्धी सभी पक्षों को अपनाया जाना कठिन है; परन्तु कुछ प्रमुख विषयों को हम अवश्य अपना सकते हैं। यहाँ कुछ प्रमुख विषय प्रस्तुत किए जा रहे हैं :–

1. **अक्षरारम्भ संस्कार/पूर्व प्राथमिक शिक्षा** : औपचारिक शिक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अक्षर आदि के अभ्यास के लिए अक्षरारम्भ संस्कार किया जाना चाहिए। आजकल इसे कुछ विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के रूप में दिया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इसे अब अनिवार्य शिक्षा के रूप में स्थान दिया है जो तीन वर्ष की आयु से प्रारम्भ होगी।

**2. उपनयन संस्कार में वर्णित बालक-बालिकाओं के व्यवहार नियंत्रण एवम् आत्मसंयम की शिक्षा :** विद्यालय के प्रारम्भिक दिनों में बालक-बालिकाओं के व्यवहार नियंत्रण व आत्मसंयम की शिक्षा अवश्य दी जाए। विद्यार्थियों के लिए क्या करणीय है और क्या अकरणीय, उन्हें निरन्तर बताया जाए और उसके पालन को सुनिश्चित कराया जाए। विद्यालयी जीवन के विविध अवसरों पर विविध माध्यमों द्वारा निरन्तर विद्यार्थियों को व्यवहार नियंत्रण एवम् आत्मसंयम के प्रति जागरूक किया जाना उपयोगी होगा।

**3. शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच विश्वास की स्थापना और आत्मीय सम्बन्ध का विकास :** उपनयन संस्कार में विद्यार्थी व आचार्य के मध्य विश्वास की स्थापना व आत्मीय सम्बन्ध के विकास हेतु प्रक्रिया वर्णित है। इस प्रक्रिया के कारण विद्यार्थी का अपने आचार्य तथा उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले ज्ञान के प्रति श्रद्धा का विकास होता है। विद्यार्थी एवं आचार्य के मध्य वैयक्तिक सम्बन्धों का विकास होता है। इसी से प्रेरणा पाकर विद्यालयी व्यवस्था में भी ऐसे अवसर होने चाहिए जिससे विद्यार्थी एवम् शिक्षक के मध्य आत्मीय सम्बन्धों का विकास हो सके। उदाहरण के तौर पर विद्यालयों में प्रत्येक विद्यार्थी का संरक्षक किसी न किसी शिक्षक को बनाकर इस आत्मीय सम्बन्ध हेतु अवसर प्रदान किया जा सकता है।

**सन्दर्भ**

1. पाणिनि अष्टाध्यायी 6/1/137
2. जैमिनीय सूत्र 3/1/3
3. वेदान्तसूत्र 3/1/13 पर शाबर भाष्य
4. तंत्रवार्तिका पृ. 1978
5. श्रीनिश्चलानन्दसरस्वती (2006), संस्कारतत्वविमर्श में उद्धृत - कल्याणः संस्कार अंक गोरखपुरः गीताप्रेस
6. वेदान्तसूत्र 1/1/4 पर शांकर भाष्य
7. याज्ञवक्ल्यस्मृति 1/13
8. व्यासस्मृति, 1/13-15
9. कौटिलीय अर्थशास्त्रम् 1/5
10. याज्ञवल्क्य स्मृति 1/14 पर विश्वरूपकृत टीका
11. वशिष्ठ धर्मसूत्र 2/11-12
12. अत्रि स्मृति, 1/138
13. गौतम धर्मसूत्र 2/1-9
14. अथर्ववेद 11/5/5
15. गौतम धर्मसूत्र 1/24-28
16. भारद्वाज गृह्यसूत्र 1/22

17. बोधायन गृह्यसूत्र 3/1/3
18. भारद्वाज गृह्यसूत्र 11/1-8
19. मनुस्मृति 2/245

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. आपस्तम्ब धर्मसूत्र (1932), बनारस सिटी, जयकृष्ण दास हरिदास गुप्त, चौखम्बा संस्कृत सीरिज़ आफिस
2. आश्वालायन गृह्यसूत्र (1909), बम्बई, निर्णय सागर प्रेस
3. उत्तररामचरितम् (1925), बम्बई, निर्णय सागर प्रेस
4. कौडिंन्यायन, एस. (सं) (2008), मनुस्मृति, वाराणसी, चौखम्बा विद्याभवन
5. गौतम धर्मसूत्राणि (हिन्दी व्याख्याकार, डॉ. उमेश चन्द्र पाण्डेय) (1966), वाराणसी, चौखम्बा संस्कृत सीरिज़ आफिस
6. तैत्तिरीयोपनिषद् (सम्वत् 2073) में उद्धृत, ईशादि नौ उपनिषद् (पृ. 893-1103), गोरखपुर, गीताप्रेस
6. पणशीकर, वी.एल.एस. (सं.) (1985), पाणिनीयव्याकरण सूत्रवृत्ति, अष्टाध्यायी सूत्र पाठ, दिल्ली, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
7. पाण्डेय, ओ.पी. (सं.) (1991), पारस्कर गृह्यसूत्र, हरिहर भाष्य एवं हिन्दी, वाराणसी, चौखम्भा
8. बौधायन धर्मसूत्र (1991), वाराणसी, चौखम्भा संस्कृत संस्थान
9. राय, जी.एस. (सं.) (2013), याज्ञवल्क्य स्मृति, मिताक्षरा टीका सहित, दिल्ली, चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान
10. वशिष्ठ धर्मसूत्र (1916), बम्बई, निर्णय सागर प्रेस
11. श्रीनिश्चलानन्दसरस्वती (2006), संस्कारतत्त्वविमर्श में उद्धृत - कल्याण, संस्कार अंक, गोरखपुर, गीताप्रेस
12. सातवलेकर, एस.डी. (1943) अथर्ववेद संहिता, पारडी, स्वाध्याय मण्डल


●●

**पाणिनीया**
Vol. XXVIII, Year VIII

# यौगिक आहार का श्रेष्ठ स्वरूप : अंकुरित अमृतान्न

## डॉ. साधना दौनेरिया* एवं डॉ. ज्योति केसवानी**

मानव जीवन में स्वास्थ्य का बहुत अधिक महत्व है। स्वास्थ्य शब्द का अर्थ है 'स्व में स्थित होना'। इसके लिए न केवल शरीर बल्कि मन का स्वस्थ होना भी अति आवश्यक है। वास्तव में शरीर और मन का स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर करता है। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि शरीर को स्वस्थ रखना हो तो मन की प्रसन्नता आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर मन को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखने का उत्तम उपाय है शरीर को स्वस्थ रखना।

यथार्थ में जीवन की यात्रा शरीर रूपी रथ पर ही सम्पन्न होती है। मन की शुद्धि एवं निर्मलता का साधन भी शरीर ही है। आध्यात्मिक पक्ष देखें तो शरीर की ही सहायता से परम सत्य को प्राप्त करने के लिए योग, जप, तप आदि किया जाता है। इसलिए सर्वप्रथम शरीर को स्वस्थ रखना अनिवार्य है जिसमें नियमित जीवनशैली अर्थात् व्यवस्थित आचार, विचार, आहार एवं विहार की अहं भूमिका है। इन सभी की एक सीमित एवं उपयुक्त मात्रा होने पर मनुष्य का अन्तः एवं बाह्य (मानसिक एवं शारीरिक) दोनों ही स्तर स्वस्थ, शुद्ध और जागृत होते हैं।

आज के मशीनी युग में स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अनेक कारक हैं जिन्हें हम नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। परन्तु आहार का चुनाव और नियमन एक ऐसा कारक है जो हमारे नियंत्रण में है। आवश्यकता स्व-नियंत्रण एवं स्व-जागृति की है। आहार अंतर्गत भी सात्विक आहार की चर्चा ग्रन्थों में की गई है जिसमें 'अंकुरित आहार' का प्रमुख स्थान है। उत्तम स्वास्थ्य और रोगों के बचाव में अंकुरित आहार की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। पोषक तत्त्वों की प्राप्ति का सरल और सहज साधन है - अंकुरित अन्न।

* विभागाध्यक्ष, योग विभाग, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)
** विभागाध्यक्ष, योग विभाग, संत हिरदाराम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)

अंकुरण को अंग्रेजी में जर्मिनेशन और अंकुरित अनाज अथवा बीजों को स्प्राउड कहा जाता है। अधिकतर लोग अंकुरित अन्न के लाभों को भलीभाँति जानते हुए भी इसकी अनदेखी करते हैं। इसके लाभ अनगिनत हैं जैसे एंटीआक्सीडेंड की प्राप्ति, कैंसररोधी गुण, कुपोषण रोकने का सर्वोत्तम उपाय आदि।

परन्तु अनभिज्ञता और इससे सम्बद्ध भ्रांतियों के कारण जनसमुदाय इनका अधिक प्रयोग नहीं करता है। यह सही है कि आहार कच्चा होने की वजह से दूषित होने की संभावना अधिक होती है, पर ऐसा तभी होता है जब इनको सही तरीके से बनाया और संचित न किया गया हो। आवश्यकता अंकुरित बीजों का प्रयोग कर इसके लाभों का स्वयं अनुभव करने की है। अनुभव से ही ज्ञात होगा कि वास्तव में अंकुरित आहार समग्र स्वास्थ्य प्रदान कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत रखता है।

**संकेत शब्द** : समग्र स्वास्थ्य, अंकुरित अन्न, एंटीआक्सीडेंड, यौगिक आहार

अन्न वह है जो शरीर का पोषण करता है। पंचकोष अवधारणा के अनुसार भोजन अथवा आहार सबसे स्थूल कोष अर्थात् अन्नमय कोष को शक्ति प्रदान करता है और शरीर को भौतिक स्वरूप में बनाए रखता है। **कुमारसम्भव** नामक ग्रन्थ में शरीर को धर्मप्राप्ति का साधन माना गया है –

**शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम् ।।5.33।।**

भारतीय परम्परा के अनुसार आहार और मन का गहरा सम्बन्ध है। लोकप्रिय उक्ति भी है कि 'जैसा खाए अन्न, वैसा होए मन'। तैत्तिरीय उपनिषद के अनुसार –

**अन्नं हि भूतानां ज्येष्ठं तस्मात्सर्वौषमुच्यते।**
**सर्व वै ते अन्नं आप्नुवंति ये अन्नं ब्रह्मोपासते।**
**अन्नत भूतानि जायंत जातान्यन्नेन वर्धंते ।।2.2।।**

सभी रचनाओं में अन्न ही सर्वप्रथम है। सभी जीवित प्राणी अन्न से ही उत्पन्न हुए हैं। अन्न के द्वारा उत्पन्न होकर वे सभी अन्न के द्वारा ही पोषित होते हैं। छांदोग्य उपनिषद में अन्न के शरीर में अवशोषित होने पर वह मन को प्रभावित करता है। यथा –

**अन्नमशितं त्रेधा विधीयते तस्य यः। स्थविष्ठो धातुः तत्पुरीषं भवति।**
**यो मध्यमः तन्मांसं भवति, यो अणिष्ठः तन्मनः ।।6-5-1।।**

शरीर में अन्न का तीन प्रकार से उपयोग होता है। अन्न का स्थूल भाग मल बनता है, सूक्ष्म भाग शरीर को पोषित करता है एवं सूक्ष्मतम भाग मन का निर्माण करता है। अतः आहार को अति महत्त्वपूर्ण माना गया है। आहार कई प्रकार का हो सकता है। परन्तु शास्त्रों में वर्णित आहार ही वैज्ञानिक रूप से संतुलित एवं स्वास्थ्यकर आहार होता है।

गीता के अनुसार आहार को सात्विक, राजसिक और तामसिक आहार के रूप में वर्गीकृत किया गया है। साथ ही सात्विक आहार के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है।

**आयुः सत्त्वबलारोग्यसुखप्रीतिविर्धनाः।**

**रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्त्विकप्रियाः ॥17.8॥**

जो आहार आयु, सत्व, बल, आरोग्य, सुख और प्रीति की वृद्धि करे, जो रस और स्निग्धयुक्त हों, जो मसालों से रहित हों, प्राकृतिक रूप से मीठा हों, वही सात्विक व्यक्ति का प्रिय आहार है। सात्विक आहार में ताज़ा पका भोजन, ताजे अपक्व फल एवं सब्जियाँ आदि सम्मिलित किये जाते हैं। ये पोषक, संतुष्टि, आनन्द एवं मन की शुद्धि प्रदान करता है।

सात्विक आहार वास्तव में यौगिक आहार ही है। यौगिक ग्रंथों में आहार के नियमन को स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति के लिए भी अनिवार्य माना गया है। सभी ग्रन्थ योगी के आहार विषयक निर्देश देते हैं। ऐसे वक्तव्यों से प्रतीत होता है कि विद्वज्जन यह जानते थे कि आहार का नियमन शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन की चंचलता के नियन्त्रण के लिए आवश्यक है अपि तु आध्यात्मिक प्राप्ति का भी उत्तम साधन है। योग रहस्य नामक ग्रन्थ में आहार और स्वास्थ्य के सम्बन्ध में कहा गया है कि –

**चित्तविप्लवशारीरकम्पनादीनि सर्वदा।**

**आहारनियमादेव प्रभवत्युग्ररूपतः ॥3.5॥**

आहार में गलत प्रयोग अथवा अनुशासनहीनता मन में असंतुलन और शरीर में कम्पन आदि रोग उत्पन्न करती है। अतः कठिन यौगिक तपश्चर्या के लिए हठ योग आहार पर अत्यधिक बल देता है। **हठ प्रदीपिका** के अनुसार –

**पुष्टं सुमधुरं स्निग्धं गव्यं धातुप्रपोषणं।**

**मनोभिलिषितं योग्यं योगी भोजनमाचरेत् ॥1.63॥**

जो आहार पोषण प्रदान करे, जिसमें प्राकृतिक मधुरता हो, स्निग्ध हो, जो धातुओं का पोषण करे और जो मन को रुचिकर हो, ऐसा ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। **घेरंड संहिता** में आहार की मात्रा के लिए निर्देश देते हुए कहा गया है कि –

**अन्नेन पूरयेदर्धं तोयेन तु तृतीयकम्।**

**उदरस्य तुरीयांश संरक्षेद्वायुचारणे ॥5.22॥**

उदर (पेट) का आधा भाग अन्न से भरा होना चाहिए, एक चौथाई भाग जल से और बचा हुआ एक चौथाई भाग वायु के प्रवाह हेतु रिक्त छोड़ना चाहिए। इसी को **मिताहार** कहते हैं जो आधुनिक विज्ञान की भाषा में आज **'कैलोरी रिस्ट्रिक्शन'** के नाम से प्रचलित है। अतः शरीर और मन के स्वास्थ्य एवं शुद्धि के लिए सही यौगिक या सात्विक आहार का नियमित प्रयोग अति-आवश्यक है।

मानव जीवन में स्वास्थ्य का बहुत अधिक महत्त्व है। स्वास्थ्य शब्द का अर्थ है 'स्व में स्थित होना'। इसके लिए न केवल शरीर बल्कि मन का स्वस्थ होना भी अति आवश्यक है। वास्तव में शरीर और मन का स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर करता है। कहने का तात्पर्य है कि यदि शरीर को स्वस्थ रखना हो तो मन की प्रसन्नता आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर मन को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखने का उत्तम उपाय है शरीर को स्वस्थ रखना। आचार्य सुश्रुत ने **सुश्रुत संहिता** में स्वास्थ्य की परिभाषा इस प्रकार दी है –

**समदोष समाग्निश्च समधातु मलक्रियः ।**
**प्रसन्नात्मनेन्द्रियः स्वस्थः इति अभिधीयते॥1.2॥**

जिस व्यक्ति के दोष (वात, कफ और पित्त) समान हों , अग्नि सम हो, सात धातुएँ भी सम हों तथा मल भी सम हों, शरीर की सभी क्रियाएँ समान क्रिया करें, इसके अलावा मन, सभी इन्द्रियाँ तथा आत्मा प्रसन्न हो, वह मनुष्य स्वस्थ कहलाता है।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.)** के अनुसार, स्वास्थ्य केवल रोग अथवा अपंगता का अभाव नहीं है बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति है। अर्थात् केवल रोग का ना होना स्वास्थ्य का मापदण्ड नहीं है। शारीरिक रोग भले ही न हों परन्तु व्यक्ति अपने समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सामना न कर पाए तो भी वह स्वस्थ की श्रेणी में नहीं आता है। इसी तरह जो सामाजिक परिवेश में स्वयं को न ढाल पाए अथवा मानसिक खुशी और शांति का अनुभव न कर पाए तब भी समग्र स्वास्थ्य का अभाव माना जाएगा। समग्र स्वास्थ्य वह है जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक, पारिवारिक और सामाजिक घटक निहित हैं।

समग्र स्वास्थ्य को प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली का महत्त्व समझना भी बहुत आवश्यक है। स्वस्थ जीवनशैली एक अच्छे और व्यवस्थित एवं उन्नत जीवन की नींव है। स्वस्थ जीवनशैली को दैनिक जीवन में समाहित करना कोई असम्भव कार्य नहीं है। यदि व्यक्ति दृढ़संकल्प के साथ ही कुछ दिन प्रयास करे तो स्वस्थ जीवनशैली का पालन आसानी से कर सकता है। सबसे पहली आवश्यकता है कि इस बात को समझा जाए कि जीवनशैली में कहाँ और कैसी समस्या है अर्थात् सही दिनचर्या ओर स्वास्थ्यकर आहारशैली का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है ? जब यह बात समझ में आ जाएगी तो स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए दृढ़संकल्पित स्वयं ही होने लग जाएंगे। यथार्थ में जीवन की यात्रा शरीर रूपी रथ पर ही सम्पन्न होती है। मन की शुद्धि एवं निर्मलता का साधन भी शरीर ही है। आध्यात्मिक पक्ष देखें तो शरीर की ही सहायता से परम सत्य को प्राप्त करने के लिए योग, जप, तप आदि किया जाता है। तात्पर्य यह है कि 'स्व' की जागृति के लिए भी इस साधन रूपी शरीर की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सर्वप्रथम शरीर को स्वस्थ रखना अनिवार्य है जिसमें

नियमित जीवनशैली अर्थात् व्यवस्थित आचार, विचार, आहार एवं विहार की मुख्य भूमिका है। इन सभी की एक सीमित एवं उपयुक्त मात्रा होने पर मनुष्य का अन्तः एवं बाह्य (मानसिक एवं शारीरिक) दोनों ही स्तर स्वस्थ, शुद्ध और जागृत होते हैं।

आज के व्यस्त जीवन में और आसपास फैले प्रदूषित वातावरण में स्वयं को स्वस्थ बनाए रखना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। निरन्तर बढ़ता तनाव, अनियमित जीवनशैली एवं भोजन की बदलती शैली स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा रही है। रसायनयुक्त फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन शरीर में विषाक्त तत्त्वों की मात्रा को बढ़ाता है जिस कारण शरीर अनेक मनोदैहिक विकारों से ग्रसित हो रहा है। अनेक शोध यह सिद्ध करते हैं कि फास्ट फूड में उपस्थित रसायन जैसे अजीनोमोटो (Ajinomoto) अर्थात् मोनो सोडियम ग्लूटामेट (Monosodium-Glutamate) कैंसर जैसे रोगों का भी कारण हैं। यदि गलत व शरीर को नुकसान पहुँचाने वाली आदतों में परिवर्तन करें और ऐसे भोजन का सेवन करें जो शुद्ध सात्त्विक एवं जीवन ऊर्जा से भरा हुआ हो, तो आसानी से अनेक रोगों से मुक्त हुआ जा सकता है। इस प्रकार के स्वस्थ आहार के लिए अंकुरित अन्न से बेहतर कोई और विकल्प नहीं।

आज के मशीनी युग में स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अनेक कारक हम नियंत्रित नहीं कर पाते। पर आहार का चुनाव और नियमन एक ऐसा कारक है जो हमारे नियंत्रण में है। आवश्यकता स्व-नियंत्रण एवं स्व-जागृति की है। आहार के अंतर्गत भी सात्त्विक आहार की चर्चा ग्रन्थों में की गई है जिसका प्रमुख कारण है शुद्ध सात्विक आहार ग्रहण करने पर शुद्ध सात्विक निर्मित होती है। ऐसे सात्विक आहार में 'अंकुरित आहार' का प्रमुख स्थान है। अंकुरित आहार से असंतोष दूर होता है। संतोष, तृप्ति एवं प्रसन्नता की प्राप्ति होती है। गरीबी दूर होती है, प्रकृति का सानिध्य प्राप्त होता है। प्रमुख यह है कि अंकुरित आहार के लिए साधक को ज्यादा समय व्यय नहीं करना पड़ता है। उत्तम स्वास्थ्य और रोगों के बचाव में अंकुरित आहार की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। पोषक तत्त्वों की प्राप्ति का सरल और सहज साधन है - अंकुरित अन्न।

अंकुरण कुछ खाद्य पदार्थों अथवा अनाजों को एक सूक्ष्म पौधे में परिवर्तित करने की क्रिया है। बीज सारे जैविक अथवा जीवित भोजन का आधार हैं, जीवन का सार हैं। पौधे अपनी सारी ऊर्जा बीज बनाने में खर्च करते हैं। अतः ये बीज भी विभिन्न रूपों में ऊर्जा का संचय करते हैं, जो अनुकूल परिस्थितियाँ जैसे सही तापमान, वायु, नमी आदि के मिलने पर अंकुरण की प्रक्रिया शुरू करते हैं। इस समय ये बीज एक असीमित ऊर्जा के प्रवाह के साथ-साथ प्राकृतिक जैव रासायनिक परिवर्तन के केन्द्र होते हैं और इनमें अनेक एंजाइम सक्रिय हो जाते हैं। जब एक बीज को सूक्ष्म पौधे में परिवर्तित किया जाता है, तो बीज में उपस्थित सभी पोषक तत्त्व सरल रूप में एवं उनमें उपस्थित एंजाइम सक्रिय रूप में परिवर्तित हो जाते है। इस कारण बीजों (अन्न) के अंकुरित रूप का आसानी से पाचन हो जाता है। प्रचुर मात्रा में पोषक

तत्त्व प्रदान करते हैं, जो शरीर में सहजता से आत्मसात हो जाते हैं। ये सरल पोषक तत्त्व, जब शरीर में प्रवेश करते हैं तो जीवनदायिनी शक्ति का सक्रियता से संचार करते हैं। इस प्रकार अंकुरित अनाज की जीवनी शक्ति शरीर में प्रवेश कर शारीरिक और मानसिक स्तर को स्वस्थ करती है।

